

'देवा' में छा गए शाहिद कपूर

पेज - 7

DBD दो बजे दोपहर

पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है

दिल्ली में फिलहाल लागू नहीं होगी आयुष्मान योजना

पेज - 8



वर्ष : 33 ‣ अंक : 303 ‣ पृष्ठ : 8 ‣ मुंबई, शनिवार, 18 जनवरी 2025 ‣ RNI: MAHHIN/49994/91 ‣ मूल्य : 3 रुपए ‣ epaper.dobajedopahar.com ‣ संपादक : अरुण लाल

# नासिक-त्र्यंबकेश्वर महाकुंभ को भव्य बनाने की योजना

अमित बृज । मुंबई

उत्तर प्रदेश के प्रयागराज कुंभ की सफलता के बाद, महाराष्ट्र सरकार ने 2027 में आयोजित होने वाले नासिक-त्र्यंबकेश्वर सिंहस्थ महाकुंभ को भव्य और दिव्य बनाने की योजना पर काम शुरू कर दिया है। हाल ही में आयोजित एक समीक्षा बैठक में निर्णय लिया गया कि महाकुंभ में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए देश और राज्य के मंदिरों, तीर्थस्थलों और सांस्कृतिक विरासत स्थलों के दर्शन के उद्देश्य से एक बड़ा कन्वेंशन सेंटर स्थापित किया जाएगा।

महाकुंभ के माध्यम से नासिक को अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाने और राज्य की अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने के लिए इसकी ब्रांडिंग की जाएगी। प्रयागराज कुंभ की तर्ज पर इसे सुरक्षित और सुव्यवस्थित तरीके से आयोजित करने की योजना बनाई गई है। गोदावरी नदी और उसके किनारों के विकास को भी प्राथमिकता दी जा रही है।



## फडणवीस सरकार ने शुरू की महाप्लान की तैयारी



### समीक्षा बैठक का आयोजन

शुक्रवार को मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की अध्यक्षता में सह्याद्री अतिथि गृह में महाकुंभ मेले को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इसमें जल संसाधन एवं आपदा प्रबंधन मंत्री गिरीश महाजन, मुख्य सचिव सुजाता सौनिक, अपर मुख्य सचिव विकास खारगे, राजस्व और गृह विभाग के अधिकारी, नासिक के संभागीय आयुक्त, जिलाधिकारी जलज शर्मा, नगर निगम आयुक्त मनीषा खत्री और पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में परिवहन, भीड़ प्रबंधन, साधु ग्राम, नदियों के शुद्धिकरण, बुनियादी ढांचे और सहायक विकास कार्यों की समीक्षा की गई।

### नासिक के कायाकल्प की योजना

मुख्यमंत्री फडणवीस ने नासिक-त्र्यंबकेश्वर को एक धार्मिक गलियारे के रूप में विकसित करने की बात कही। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए नासिक में 8 से 10 हेलीपैड बनाने और समृद्धि महामार्ग से इगतपुरी से नासिक तक सड़क चौड़ीकरण का निर्देश दिया गया।

### धार्मिक गलियारे और कनेक्टिविटी का विकास

इगतपुरी से त्र्यंबकेश्वर तक चार-लेन सड़क के निर्माण के साथ ही मुंबई, शिर्डी, और छत्रपति संभाजी नगर जैसे प्रमुख स्थानों से नासिक की कनेक्टिविटी को बेहतर करने के निर्देश दिए गए। राम काल पथ और त्र्यंबकेश्वर में धार्मिक गलियारा विकसित करने का भी सुझाव दिया गया। उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने साधु ग्राम के लिए अधिग्रहित भूमि पर वृक्षों को संरक्षित रखते हुए साधुओं के लिए आवासीय व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

सैफ अली खान केस

# CCTV में बदले कपड़े में दिखा संदिग्ध हमलावर, खोज जारी

धीरज सिंह । मुंबई

मुंबई पुलिस सैफ अली खान के घर पर हमला करने वाले संदिग्ध की तलाश में जुटी है। इस बीच एक नए सीसीटीवी फुटेज में घटना के बाद संदिग्ध हमलावर को अलग शर्ट में देखा गया है। माना जा रहा है कि संदिग्ध एक हिस्ट्रीशीटर है। जो हमले के 48 घंटे बाद भी फरार है। पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि हमलावर किस तरह से सुरक्षित फ्लैट में घुसा? कई संदिग्धों से पूछताछ की गई है, लेकिन मुख्य आरोपी को अभी तक पकड़ा नहीं जा सका है। उधर, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने भी केस को लेकर बड़ा दावा किया है।

## पुलिस ने हमलावर को पकड़ने के लिए 30 से अधिक टीमें बनाई



### पुलिस को सैफ पर हमला मामले में सुराग मिले

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने शुक्रवार को कहा कि अभिनेता सैफ अली खान पर हुए हमले के मामले में पुलिस को कई सुराग मिले हैं और जल्द ही अपराधी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। गृह विभाग का भी प्रभार संभाल रहे फडणवीस यहां मीडिया से बात कर रहे थे। सैफ पर बुधवार देर रात मुंबई के बांद्रा इलाके में स्थित उनके घर में एक घुसपैठिये ने कई बार चाकू से वार किया। इसके बाद अभिनेता गंभीर रूप से घायल हो गए।

### संदिग्ध से पूछताछ

मुंबई पुलिस के एकअधिकारी ने बताया कि एक बढ़ई की पहचान वारिस अली सलमानी के रूप में हुई है। उसे पूछताछ के लिए बांद्रा थाने ले जाया गया। क्योंकि उसका हुलिया घुसपैठिए से मिलता-जुलता है। गुरुवार को सामने आए सीसीटीवी फुटेज में हमलावर का चेहरा साफ तौर पर दिखाई दिया। वीडियो में देर रात लगभग 2:30 बजे लाल गमछा डाले और एक बैग लिए हमलावर को 'सतगुरु शरण' इमारत की छठी मंजिल से सीढ़ियों से नीचे भागते हुए देखा गया, जहां सैफ रहते हैं।

### अभिनेता के फ्लैट पर सलमनी ने किया था काम

अधिकारी के मुताबिक, सलमानी ने घटना से दो दिन पहले अभिनेता के फ्लैट पर काम किया था। अधिकारी ने बताया कि काम कराने वाले ठेकेदार ने बढ़ई को हमले के बारे में सूचित किया था। उन्होंने बताया कि घंटों तक पूछताछ के बाद पुलिस उसे एक अज्ञात स्थान पर ले गई। एक और अधिकारी ने नाम सार्वजनिक नहीं करने की शर्त पर बताया कि पूछताछ के लिए बांद्रा थाने में लाए गए व्यक्ति का खान पर हमले से कोई संबंध नहीं है।

टोरेस घोटाला मामला

# ईओडब्ल्यू ने हवाला ऑपरेटर को किया गिरफ्तार

मुनीब चौरसिया । मुंबई

करोड़ों रुपए के टोरेस घोटाला मामले में मुंबई पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) ने फरार हवाला ऑपरेटर को गिरफ्तार किया है। हवाला ऑपरेटर अल्पेश खारा (54) को लंबी पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया गया है। ईओडब्ल्यू के डीसीपी संग्राम सिंह निशानदार ने गिरफ्तारी की पुष्टि करते हुए बताया कि वह पूछताछ में गुमराह करने की कोशिश कर रहा था।आरोपी ने फरार आरोपी तौफीक रियाज और अलेक्स के कहने पर 300 करोड़ रुपए से ज्यादा कीरकम विदेश में हवाला के जरिये भेजा है।शुक्रवार को आरोपी को एमपीआईडी कोर्ट में पेश किया गया,जहां कोर्ट ने उसे 21 जनवरी तक पुलिस हिरासत में भेज दिया। ईओडब्ल्यूके वरिष्ठ अधिकारियों के मुताबिक, खारा से पिछले तीन दिनों से पूछताछ चल रही थी। लेकिन वहजांच में सहयोग नहीं कर रहा





था। इसके बाद ईओडब्ल्यू की टीम ने उसके दफ्तर में सर्च अभियान चलाया। इसमें कई दस्तावेज फटे हुए मिले। उनकी जांच की गई तो पता चला कि आरोपी ने सबूतों को नष्ट करने के इरादे से उन दस्तावेजों को फाड़ दिया था। ईओडब्ल्यू को शक है कि आरोपी ने टोरेस के निवेशकों की रकम हवाला के जरिये दुबई या यूक्रेन भेजी है। इस मामले में शिकायतकर्ताओं की संख्या 5289 तक पहुंच गई है और ठगी का आंकड़ा 86 करोड़ रुपे तक पहुंच गया है। इस मामले में ईओडब्ल्यू ने टोरेस के दफ्तरों से 6.74 करोड़ नकदी, टोरेस कंपनी के बैंक खातों से 15 करोड़ और 4.53 लाख रुपए कासोनां-चांदी जब्त किया है।

# ग्रामीण विकास कार्यों की जियो टैगिंग अनिवार्य

## राजस्व मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले ने दिए अधिकारियों को कड़े निर्देश

एन. के. पुरोहित । मुंबई

महाराष्ट्र के राजस्व मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले ने विकास कार्यों की जियो टैगिंग का सुझाव दिया ताकि प्रत्येक कार्य की प्रगति की निगरानी सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि प्रत्येक कार्य की जांच संबंधित विभागाध्यक्ष स्वयं करें और समय-समय पर ग्रामीण क्षेत्रों का दौरा करके संबंधित जानकारी का फीडबैक लें। जनकल्याणकारी योजनाओं के कार्यान्वयन में तेजी लाने और



उन्हें सामान्य जनता तक पहुंचाने के लिए, राज्य सरकार ने क्रमबद्ध कार्यों की जिम्मेदारी स्वीकार की है। इस संदर्भ में, मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले की अध्यक्षता में शुक्रवार को जिला परिषद अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया।

### बावनकुले ने अधिकारियों को चेतावनी दी

इस बैठक में पिछले कुछ वर्षों में जलापूर्ति योजना, आंगनवाड़ी निर्माण, पाणंद सड़क, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में दवाओं की उपलब्धता जैसी योजनाओं पर हुई प्रगति और शिकायतों का जायजा लिया गया। मंत्री बावनकुले ने बताया कि जलापूर्ति योजना के कार्यान्वयन में यदि जल का मूल स्रोत स्थापित नहीं किया जाता तो अन्य पाइपलाइन या कोई भी कार्य नहीं किए जाने चाहिए, बावजूद इसके ऐसी कई शिकायतें आई हैं कि मूल स्रोत के बिना भी काम जारी है।

### ग्रामीण विकास प्रणाली योजनाओं की प्राथमिकता

उन्होंने अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि यह तथ्य सत्य पाया गया तो संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस संदर्भ में मुख्य कार्यकारी अधिकारी को तात्कालिक जांच करने के निर्देश दिए गए और यह भी कहा गया कि जांच थर्ड पार्टी सिस्टम से कराई जाए। बैठक में ग्रामीण विकास प्रणाली के तहत योजनाओं की प्राथमिकता पर जोर दिया गया।

# 27 करोड़ रुपये का कोकीन बरामद

## विदेशी यात्री गिरफ्तार



डीबीडी संवाददाता । मुंबई

मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) ने शुक्रवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए एक यात्री के पास से 2.16 किलोग्राम कोकीन बरामद की है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में इसकी कीमत करीब 26.62 करोड़ रुपये आंकी गई है। रिपोर्ट के मुताबिक डीआरआई अधिकारियों ने बताया कि यह कोकीन एक यात्री के हैंडबैग में छुपाई गई थी। बैग की बाहरी और अंदरूनी परतों के बीच सफेद पाउडर को बेहद चालाकी से छिपाया गया था।

### नैरोबी से मुंबई आया था यात्री

यात्री हाल ही में नैरोबी से मुंबई आया था। अधिकारियों ने मौके पर ही इस सफेद पाउडर का परीक्षण किया, जिससे पता चला कि यह कोकीन हो सकता है। हालांकि, पुष्टि के लिए इसे फॉरेंसिक लैब भेजा गया है। डीआरआई ने यात्री को नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस (NDPS) अधिनियम के तहत गिरफ्तार कर लिया है। अधिकारी ने कहा कि फिलहाल यात्री का नाम गोपनीय रखा गया है और मामले की विस्तृत जांच जारी है। अंतरराष्ट्रीय मादक पदार्थ तस्करी को रोकने के लिए डीआरआई और अन्य सुरक्षा एजेंसियां लगातार काम कर रही हैं। अधिकारियों ने बताया कि इस तरह की तस्करी को रोकने के लिए हवाईअड्डों पर सुरक्षा जांच और कड़ी कर दी गई है, साथ ही आम लोगों से भी अपील की गई है कि किसी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत सुरक्षा एजेंसियों को दें।

# दिल्ली चुनाव में अकेले उतरी अजित पवार की एनसीपी



## अजित पवार ने 30 सीटों पर उतारा उम्मीदवार

एजेंसी । नई दिल्ली

दिल्ली विधानसभा चुनाव में अजित पवार की नेतृत्व वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (NCP) ने अपने उम्मीदवारों का ऐलान किया है। पार्टी ने 30 सीटों पर उम्मीदवार उतारते हुए दिल्ली में बिना किसी गठबंधन अकेले चुनाव लड़ने का फैसला किया है। अजित गुट ने नई दल्ली, करावल नगर, कालकाजी जैसे हाई प्रोफाइल सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारे हैं। पार्टी ने नई दिल्ली सीट से विश्वनाथ अग्रवाल, कालकाजी से जमील और करावल नगर सीट से संजय मिश्रा को चुनावी मैदान में उतारा है।

# धनंजय मुंडे की बढ़ेंगी मुश्किलें

डीबीडी संवाददाता । मुंबई/नागपुर

राज्य में पिछली बार देवेंद्र फडणवीस के नेतृत्व वाली महायुति सरकार में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के अजित पवार गुट नेता और कृषि मंत्री धनंजय मुंडे की मुश्किलें और बढ़ने की संभावना है। क्योंकि सरकार पर डीबीटी योजना को दरकिनार कर कृषि सामग्री ऊंचे दामों पर खरीदे किया गया।

इसपर टिप्पनी करते हुए मुंबई हाई कोर्ट के नागपुर खंडपीठ में शुक्रवार को एक याचिका दायर की गई है। 103 करोड़ रुपये के कृषि सामग्री में से करीब 50 करोड़ रुपये का गबन होने का पहिली नजर में दिखने का दावा याचिकाकर्ता ने किया है। परिणामस्वरूप, महायुति सरकार को मुंबई हाई कोर्ट के नागपुर खंडपीठ ने 2 सप्ताह के भीतर स्पष्टीकरण देने का आदेश दिया है।



## कृषि सामग्री में 50 करोड़ का गबन मामले में हाईकोर्ट ने सरकार से मांगा जवाब

### किसानों को घटिया कृषि सामग्री दी गई

दिलचस्प बात यह है कि महंगे दामों पर कृषि पंप और अन्य कृषि सामग्री की खरीद के संबंध में तत्कालीन कृषि सचिव ने एक नोट लिखकर अपना विरोध व्यक्त किया था। हालांकि, कृषि विभाग और कृषि मंत्री ने इस पर नोट लिखकर खरीद प्रक्रिया को आगे बढ़ा दिया। परिणामस्वरूप, पहिली नजर में ऐसा प्रतीत होता है कि, 103 करोड़ रुपये में से लगभग 50 करोड़ रुपये का गबन किया गया है, ऐसी बात वकिल शांतनु घाटे ने कही।

### मुंबई हाई कोर्ट के नागपुर खंडपीठ में याचिका

इसके तहत एक महंगा कृषि स्प्रे पंप खरीदा गया। हमने 23 अक्टूबर 2024 के उसी फैसले को जनहित याचिका के माध्यम से चुनौती दी, ऐसी बात याचिकाकर्ता वकिल का कहना था। इस दौरान, उच्च न्यायालय ने सरकार द्वारा अधिक कीमत पर खरीद करने के निर्णय से संबंधित याचिका पर संज्ञान लिया। वहीं सरकार को इस संबंध में अगले 2 सप्ताह के भीतर जवाब दाखिल करना चाहिए, ऐसे निर्देश नागपुर खंडपीठ द्वारा दी गई, ऐसी जानकारी याचिकाकर्ताओं के वकील शांतनु घाटे ने दी है।

### याचिकाकर्ता वकिल का क्या कहना हैं?

सरकार ने 1 हजार 500 रुपये का कृषि स्प्रे पंप 3 हजार 600 रुपये में खरीदकर वो किसानों को दिया जा रहा है। इन सामग्रियों की बढ़ी हुई कीमत पर खरीदना बहुत ही गंभीर मामला है. इससे पहले, सरकार की डीबीटी नीति के अनुसार किसानों को धनराशि उपलब्ध कराई जाती थी। इस संबंध में 2023 में स्प्रे पंप के लिए 103 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया और अन्य कृषि सामग्री खरीदकर किसानों को खाद्यान्न उपलब्ध कराने की नीति बदल दी गई।

# बीजेपी की तर्ज पर साईंनगरी में मंथन करेंगे अजित पवार

- शिर्डी में राकांपा का नव संकल्प शिविर
- भुजबल की उपस्थिति पर संशय



डीबीडी संवाददाता । मुंबई

राकांपा (अजित गुट) का दो दिवसीय 'नव संकल्प शिविर' शनिवार से शिर्डी में आयोजित हो रहा है। इस शिविर में हाल ही में संपन्न विधानसभा चुनाव में पार्टी को मिली सफलता की समीक्षा और आगामी स्थानीय चुनावों के लिए रणनीति तैयार की जाएगी। पार्टी सूत्रों के अनुसार, भाजपा की तर्ज पर सदस्यता अभियान शुरू किया जाएगा। इसके तहत जिला, तहसील, और ग्रामीण स्तर पर सदस्यता पंजीकरण सुनिश्चित करने के लिए पर्यवेक्षक नियुक्त किए जाएंगे।

### छगन भुजबल की उपस्थिति पर असमंजस

पार्टी के वरिष्ठ नेता और राज्य सरकार में मंत्री नहीं बनाए जाने से नाराज चल रहे छगन भुजबल की इस शिविर में उपस्थिति को लेकर संशय बना हुआ है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सुनील तटकरे ने भुजबल से शिविर में शामिल होने का अनुरोध किया है, लेकिन भुजबल ने अभी तक अपनी भागीदारी को लेकर कोई स्पष्ट जवाब नहीं दिया है। तटकरे ने कहा कि शिविर में बागी नेताओं को वापस पार्टी में लाने के उपायों पर भी चर्चा की जाएगी। शिविर पहले संभाजीनगर में आयोजित होना था, लेकिन इसे शिर्डी में स्थानांतरित करने का निर्णय लिया गया। सूत्रों का कहना है कि भुजबल को मनाने के लिए यह फैसला लिया गया, क्योंकि शिर्डी उनके येवला विधानसभा क्षेत्र से केवल 32 किलोमीटर की दूरी पर है।

# CM देवेंद्र फडणवीस चले दावोस

डीबीडी संवाददाता । मुंबई

विदेशी निवेश को महाराष्ट्र में आकर्षित करने के लिए मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस 20 से 24 जनवरी तक दावोस समिट में भाग लेने जा रहे हैं। वे 19 जनवरी की सुबह मुंबई से रवाना होंगे। इससे पहले पिछले साल वर्तमान मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे 15 से 19 जनवरी 2024 तक दावोस में आयोजित विश्व आर्थिक सम्मेलन में भाग लिया था। उस समय शिंदे ने 3,53,000 करोड़ रुपये के कई सारी कंपनियों के साथ एमओयू किया था, लेकिन आज तक यह पता नहीं चला कि उनके किए गए एमओयू में से कितने का प्रत्यक्ष निवेश हुआ। फडणवीस के लिए चुनौती है कि वे शिंदे से ज्यादा के निवेश पर एमओयू करें।

## विदेशी निवेश लाने के लिए दावोस समिट में लेंगे भाग



### दावोस दौरे को लेकर क्या बोले सीएम?

अपने दावोस दौरे के बाबत मुख्यमंत्री फडणवीस का कहना है कि उनकी पूरी कोशिश रहेगी कि दावोस यात्रा के दौरान महाराष्ट्र के सभी क्षेत्रों और विभागों में निवेश आकर्षित करें। राज्य में निवेश लाने या बुनियादी ढांचे का विकास करते समय हमने लगातार इस बात पर जोर दिया है कि कैसे सर्वांगीण विकास हासिल किया जाए और क्षेत्रीय संतुलन बनाए रखा जाए। उन्होंने दावा किया कि महाराष्ट्र को 1 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के लिए यह यात्रा महत्वपूर्ण होगी।

### पिछली बार कब गए थे दावोस?

मुख्यमंत्री के रूप में फडणवीस वर्ष 2018 के बाद पहली बार दावोस की यात्रा करेंगे। अपने पहले कार्यकाल 2014 से 2019 के बीच मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस तीन बार दावोस गए थे। तब औद्योगिक विकास में महाराष्ट्र पांचवें स्थान से पहले स्थान पर आ गया है। उस दौरान राज्य में दो बार मॅग्नेटिक महाराष्ट्र का आयोजन किया था। मुख्यमंत्री फडणवीस वहां विश्व के कई नेताओं और दिग्गज कंपनियों से प्रमुखों से मुलाकात करेंगे। यात्रा के दौरान उनके साथ उद्योग मंत्री उदय सामंत के अलावा एमआईडीसी, एमएमआरडीए और सिडको के अधिकारियों का एक प्रतिनिधिमंडल भी होगा। उनके यात्रा के दौरान डेटा सेंटर, ऑटोमोबाइल, सेमीकंडक्टर, ईवी, इलेक्ट्रॉनिक्स, इस्पात, खाद्य प्रसंस्करण, कपड़ा, फार्मास्यूटिकल्स और बुनियादी ढांचे जैसे क्षेत्रों में करार होने की संभावना है।

# डॉक्टर की लापरवाही से मरीज की मौत

**अस्पताल में मचा हड़कंप धारा 304 के तहत मामला दर्ज**

डीबीडी संवाददाता | पालघर

महाराष्ट्र के पालघर में एक मरीज के इलाज में एक डॉक्टर ने इस कदर लापरवाही बरती कि मरीज को अपनी जान गंवानी पड़ी। मामला उजागर होने के बाद मरीज के परिजन ही नहीं, तो कई लोग आक्रोशित हैं। इलाज के दौरान लापरवाही एक अपराध है, ऐसी प्रतिक्रिया सभी तरफ से सामने आ रही है।

## भर्ती कराए जाने के एक दिन बाद ही मृत्यु

उन्होंने बताया कि 27 वर्षीय रूपेश लालमन गुप्ता नामक एक मरीज को वसई स्थित इस डॉक्टर के अस्पताल में 19 मार्च 2024 को लाए जाने के तुरंत एक दिन बाद ही मृत्यु हो गई थी, जिससे परिजनों में काफी आक्रोश था।




### पहले आकस्मिक मौत का मामला किया था दर्ज

पहले तो पुलिस ने आकस्मिक मौत का मामला दर्ज किया, लेकिन विभिन्न एजेंसियों की रिपोर्ट में डॉक्टर पर अपने कर्तव्य के प्रति लापरवाही बरतने का आरोप लगा। तब पुलिस ने धारा 304 के तहत मामला दर्ज किया गया। अधिकारी ने कहा कि डॉक्टर ने जो इलाज किया, उसके समर्थन में वह दस्तावेज भी नहीं दिखा सका। उन्होंने कहा कि डॉक्टर पर भादंसं की धारा 304 यानी गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज किया गया है। पुलिस आगे की जांच कर रही है।

महाराष्ट्र के पालघर में एक मरीज की मौत हो जाने के बाद कथित लापरवाही को लेकर एक डॉक्टर के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया है। एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। बताया गया कि डॉक्टर की लापरवाही के कारण मरीज की मौत हुई है।

### मरीज को ऑक्सीजन संबंधी सहायता देने में नाकाम

गुप्ता के परिवार ने डॉक्टर पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए दावा किया कि उनका अस्पताल मरीज को ऑक्सीजन संबंधी सहायता देने में नाकाम रहा, जिसके फलस्वरूप उसकी मौत हो गई। और डॉक्टर के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गई।

प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना

# प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना को जबरदस्त प्रतिसाद

डीबीडी संवाददाता | मुंबई/ कल्याण।

कल्याण और भांडुप मंडलों में प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना को जबरदस्त प्रतिक्रिया मिल रही है। अब तक 13,831 लोगों ने इस योजना के लिए आवेदन किया है, जिनमें से 2,448 उपभोक्ताओं ने अपनी छतों पर सौर ऊर्जा परियोजनाएं स्थापित कर मुफ्त बिजली प्राप्त करना शुरू कर दिया है।

### योजना के लाभ और सब्सिडी विवरण



क्षेत्रवार प्रगति रिपोर्ट

कल्याण मंडल

| कार्यालय | कुल आवेदन | सौर स्थापित ग्राहक | सौर उत्पादन क्षमता (किलोवाट) |
|---|---|---|---|
| कल्याण प्रभाग 1 | 1950 | 91 | 680 |
| कल्याण प्रभाग 2 | 4606 | 166 | 850 |
| पालघर मंडल | 1151 | 233 | 1060 |
| वसई मंडल | 1363 | 491 | 2210 |
| कुल (कल्याण) | 9070 | 981 | 4800 |

भांडुप सर्कल

| कार्यालय | कुल आवेदन | सौर स्थापित ग्राहक | सौर उत्पादन क्षमता (किलोवाट) |
|---|---|---|---|
| ठाणे सिटी डिवीजन | 394 | 89 | 2587 |
| वाशी मंडल | 1550 | 398 | 2484 |
| पेण मंडल | 2817 | 980 | 3365 |
| कुल (भांडुप) | 4761 | 1467 | 8436 |

तीन किलोवाट तक की परियोजनाओं के लिए केंद्र सरकार से 78,000 रुपये तक की सब्सिडी मिलती है। 2 किलोवाट तक 30,000 रुपये प्रति किलोवाट और अतिरिक्त 1 किलोवाट के लिए 18,000 रुपये की सब्सिडी उपलब्ध है। आवासीय सोसायटियों और संगठनों को 18,000 रुपये प्रति किलोवाट की सब्सिडी मिलती है, जिसमें कुल सीमा 500 किलोवाट तक है। अतिरिक्त बिजली का उपयोग महावितरण करता है, जिससे बिजली बिल शून्य हो जाता है।

## खबर संक्षेप

### दुष्कर्म के आरोपी को 10 साल की सजा



ठाणे। ठाणे की एक विशेष पॉक्सो अदालत ने एक 31 वर्षीय व्यक्ति को एक किशोरी से दुष्कर्म के लिए दोषी ठहराया गया। उसे 10 साल की सजा सुनाई गई है। 15 जनवरी को अपने आदेश में न्यायाधीश रूबी यू मालवंकर ने दोषी पर 25,000 का जुर्माना भी लगाया है। अभियोजन पक्ष के अनुसार, आरोपी शादीशुदा है और उसके चार बच्चे हैं। किशोरी उसकी पड़ोसी है। उन्होंने बताया कि आरोपी ने लड़की को अपने दोस्त के घर ले गया। उसने लड़की को बताया कि वह उसे नया मोबाइल फोन दिलाएगा, लेकिन उसने उसका दुष्कर्म किया। मुकदमे के दौरान 10 लोगों ने गवाही दी।

### परिवार-पुलिस से दुर्व्यवहार करने के आरोप में व्यक्ति गिरफ्तार



ठाणे मुंबई के अंधेरी के एक 45 वर्षीय व्यक्ति को ठाणे जिले के एक पुलिस स्टेशन के अंदर अपने परिवार के सदस्यों के साथ लड़ाई करने और पुलिस के साथ दुर्व्यवहार करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया। एक अधिकारी ने शुक्रवार को इसकी जानकारी दी। पुलिस ने कहा कि आरोपी ललित जैन और उसकी पत्नी चंदा का पिता से विवाद चल रहा था। दरअसल, चंदा के पिता अपनी दूसरी बेटी के घर जाने से पहले उनके साथ रह रहे थे। 14 जनवरी को दंपती पुलिस स्टेशन गया, जहां पहले से ही चंदा के पिता, उसकी बहन और 16 साल की भतीजी मौजूद थी। हालांकि, पुलिस स्टेशन में ही ललित और चंदा अपने परिवार से भिड़ गए। जब पुलिस ने इसमें हस्तक्षेप करने की कोशिश की दंपती उनके साथ भी दुर्व्यवहार करने लगा। दंपती ने 16 वर्षीय भतीजी के बाल भी खींचे। पुलिस ने ललित को गिरफ्तार किया और चंदा के खिलाफ चेतावनी जारी की।

# मेट्रो-3 स्टेशनों पर 1.3 लाख वर्ग फुट व्यावसायिक स्थान का वितरण

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

मुंबई मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एमएमआरसी) ने मेट्रो लाइन-3 के 27 स्टेशनों पर लगभग 1.3 लाख वर्ग फुट वाणिज्यिक स्थान सफलतापूर्वक वितरित किया है। ये स्थान विभिन्न वाणिज्यिक क्षेत्रों जैसे खाद्य एवं पेय, खुदरा, बैंक एटीएम और वेंडिंग मशीनों के लिए खुली निविदा प्रक्रिया के माध्यम से उपलब्ध कराए जाएंगे। उपलब्ध स्थान लगभग 40,000 वर्ग फीट के बड़े फर्श से लेकर 100 वर्ग



फीट की छोटी दुकानों तक हैं। इन निविदाओं में टाटा ट्रेंट, इंडिया रिटेल एंड हॉस्पिटैलिटी, नमन ग्रुप, अमर टी, वर्ना सहकारी, रोजियस रिटेल, मिस्टिकल ग्रुप, डेलिसिया फूड्स और चितले बंधु जैसे प्रमुख औद्योगिक समूहों ने भाग लिया। चूंकि ये वाणिज्यिक स्थान मेट्रो-3 स्टेशनों के निकट प्रमुख स्थानों पर स्थित हैं तथा भविष्य में इस मार्ग पर यात्रियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए, इस निविदा को कई प्रतिष्ठित उद्योग समूहों से जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली। इससे प्राप्त राजस्व से जेआईसीए के ऋण का भुगतान करने तथा मेट्रो-3 के कार्यान्वयन की लागत कम करने में मदद मिलेगी। गैर-निष्पक्ष राजस्व से संबंधित कार्य का प्रबंधन परामर्शदाता फर्म ऑक्टस एडवाइजर्स द्वारा किया जा रहा है ।

# कोल्डप्ले कॉन्सर्ट के दौरान 1000 पुलिसकर्मी तैनात

**नवी मुंबई।** कोल्डप्ले कॉन्सर्ट के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए लगभग 1,000 पुलिसकर्मी तैनात किए जाएंगे। पुलिस ने शुक्रवार को इसकी जानकारी दी। अपने 'म्यूजिक ऑफ द स्फीयर्स वर्ल्ड टूर' के हिस्से के रूप में, ब्रिटिश रॉक ग्रुप के 18, 19 और 21 जनवरी को नवी मुंबई के डीवाई पाटिल स्टेडियम में तीन शो आयोजित किए गए हैं। करीब 45000 प्रशंसकों के इस कार्यक्रम में शामिल होने की उम्मीद है।

# कल्याण-डोंबिवली में पुलिस की बड़ी कार्रवाई

**700 से अधिक गिरफ्तार**

सुशील सिंह | कल्याण

कल्याण और डोंबिवली में पुलिस ने अवैध मद्यपान, गांजा सेवन और अन्य आपराधिक गतिविधियों पर सख्ती दिखाते हुए 700 से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस उपायुक्त अतुल झेंडे के नेतृत्व में इस कार्रवाई से शहर में कानून और व्यवस्था को लेकर नई उम्मीदें जगी हैं।

### अवैध गतिविधियों पर लगाम

पिछले चार वर्षों से स्थानीय तंत्र और राजनीतिक संरक्षण में चल रहे अवैध धंधों पर अब अंकुश लगने लगा है। पुलिस उपायुक्त झेंडे ने कार्यभार संभालने के बाद से ही अवैध गतिविधियों के खिलाफ सख्त कदम उठाए। रात के समय शहर के विभिन्न हिस्सों में निरीक्षण कर उन्होंने सुनिश्चित किया कि गांजा सेवन, मद्यपान और अन्य आपराधिक गतिविधियां रोकी जाएं।



### 700 गिरफ्तारियां और सख्त कदम

पुलिस ने पिछले कुछ दिनों में 700 से अधिक मद्यपान करने वालों और गांजा सेवन करने वालों को गिरफ्तार किया। झेंडे ने स्पष्ट किया कि अवैध धंधे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे। पिछले कुछ वर्षों में कल्याण और डोंबिवली में यौन उत्पीड़न, झगड़े, और चाकूबाजी जैसी घटनाओं में इजाफा हुआ था। पुलिस की इस कार्रवाई ने स्थानीय नागरिकों में विश्वास बहाल किया है।

### नागरिकों की प्रतिक्रिया

पुलिस की इस पहल का सोशल मीडिया पर व्यापक समर्थन देखा जा रहा है। अवैध गतिविधियों में शामिल लोग अपने धंधे समेटने को मजबूर हो गए हैं। नागरिकों ने कहा कि अब शहर में शांति और सुरक्षा बहाल होने की उम्मीद है। अतुल झेंडे ने कहा कि दिन हो या रात, शहर में कानून और व्यवस्था बनाए रखना प्राथमिकता है। यह अभियान जारी रहेगा, ताकि नागरिकों को सुरक्षित माहौल मिल सके।

# उल्हासनगर महानगरपालिका की नई आयुक्त

सुरेश चौहान | उल्हासनगर

पुणे स्मार्ट सिटी की सीईओ रह चुकी मनीषा अव्हाले को उल्हासनगर महानगरपालिका का आयुक्त नियुक्त किया गया है। उन्होंने शुक्रवार को औपचारिक रूप से आयुक्त पद का कार्यभार संभाल लिया। उनके नियुक्त होने पर शहरवासियों ने उम्मीद जताई है कि वे उल्हासनगर के विकास पर अधिक ध्यान केंद्रित करेंगी।



### विकास ढकने का स्थान लिया

मनीषा अव्हाले से पहले विकास ढकने आयुक्त थे, जिन्होंने चार महीने तक इस पद पर रहते हुए शहर के विकास को प्राथमिकता दी। लेकिन उनका तबादला उपमुख्यमंत्री अजीत पवार के उप सचिव के रूप में कर दिया गया। तब से यह पद रिक्त था और प्रभारी आयुक्त के रूप में जमीर लेंगरेकर कार्यरत थे।

### कार्यभार ग्रहण और स्वागत

आज सुबह 10 बजे मनीषा अव्हाले ने महानगरपालिका मुख्यालय पहुंचकर आयुक्त पदभार संभाला। अतिरिक्त आयुक्त जमीर लेंगरेकर ने उन्हें पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया। हालांकि, आयुक्त के समय पर पहुंचने से कार्यालय में खलबली मच गई, क्योंकि उस समय तक कई अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित नहीं थे।

### शहर के विकास पर उम्मीदें

मनीषा अव्हाले की नियुक्ति से उल्हासनगर के नागरिकों को आशा है कि वे अपनी प्रशासनिक क्षमता और अनुभव का उपयोग कर शहर को नई दिशा देंगी।

# दिनदहाड़े महिला के गले से चैन छीनने वाला आरोपी गिरफ्तार

डीबीडी संवाददाता | उल्हासनगर

शहर में चोरी और लूटपाट की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं। विठ्ठलवाड़ी पुलिस थाने की सीमा में स्थित विनस चौक के पास दिनदहाड़े एक महिला के गले से सोने की चैन झपटने की घटना हुई। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी को गिरफ्तार कर चैन बरामद कर ली है।



### दिनदहाड़े महिला को बनाया निशाना

12 जनवरी, रविवार को उल्हासनगर-4 की निवासी रंजना तानाजी रंधवा विनस चौक से गुजर रही थीं। तभी एक मोटरसाइकिल सवार बदमाश ने पीछे से आकर उनके गले से सोने की चैन झपट ली और फरार हो गया।

### पुलिस ने की तेजी से कार्रवाई

घटना की शिकायत विठ्ठलवाड़ी थाने में दर्ज होने के बाद वरिष्ठ निरीक्षक के मार्गदर्शन में एक विशेष टीम गठित की गई। टीम ने घटना स्थल और आसपास के सीसीटीवी फुटेज की जांच की, जिसमें आरोपी की हरकतें रिकॉर्ड हो गई थीं।

### आरोपी का आपराधिक इतिहास

जांच के दौरान, पुलिस ने आरोपी आकाश बाबू परचा को गिरफ्तार किया। आरोपी पर पहले से ही मोटरसाइकिल चोरी और अन्य मामलों में कई केस दर्ज हैं।

### आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया

गिरफ्तारी के बाद आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां न्यायाधीश ने उसे पुलिस रिमांड पर भेजने का आदेश दिया। फिलहाल विठ्ठलवाड़ी पुलिस मामले की आगे की जांच कर रही है।

# सुरक्षा की दृष्टि से सभी वाहनों के लिए हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट अनिवार्य

## 30 मार्च से पहले वाहनों पर हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगवाने का आवाहन

धर्मेंद्र उपाध्याय | ठाणे

फर्जी नंबर प्लेट का उपयोग कर अपराध बढ़ने के कारण ठाणे आरटीओ ने अब एक कड़ा कदम उठाया है। 30 मार्च 2025 से पहले सभी वाहनों पर हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगवाना अनिवार्य किया गया है। इस कदम का उद्देश्य सड़क पर चल रहे वाहनों की वास्तविक पहचान को सुनिश्चित करना और अपराधों की जांच में मदद करना है।

### सुप्रीम कोर्ट का निर्देश और राज्य सरकार की गंभीरता




सुप्रीम कोर्ट ने सभी वाहनों पर हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगाने का आदेश दिया है, जिसे राज्य सरकार ने सुरक्षा के दृष्टिकोण से गंभीरता से लिया है। ठाणे आरटीओ अधिकारी हेमांगिनी पाटिल ने बताया कि 30 मार्च 2025 से पहले सभी वाहनों पर उच्च सुरक्षा नंबर प्लेट लगाने का आग्रह किया गया है।

### फर्जी नंबर प्लेट का बढ़ता इस्तेमाल

ठाणे में फर्जी नंबर प्लेट का इस्तेमाल बढ़ रहा है, जिससे यह पता लगाना मुश्किल हो जाता है कि वाहन वास्तव में किसका है। कई अपराधी फर्जी नंबर प्लेट का इस्तेमाल कर अपराध करते हैं, जिसके बाद आरोपी का पता लगाना कठिन हो जाता है। ऐसे वाहन राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए भी खतरा बन सकते हैं।

### 1 अप्रैल 2025 से होगी कार्रवाई

1 अप्रैल 2019 से पहले सभी वाहनों में हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगाना अनिवार्य होगा। ठाणे आरटीओ ने इस कार्य के लिए तीन अधिकृत कंपनियों को नियुक्त किया है। यदि वाहन की नंबर प्लेट किसी अनधिकृत कंपनी द्वारा लगाई जाती है, तो वाहन केंद्र सरकार के डेटाबेस में पंजीकृत नहीं होगा।

# युवक पर धारदार हथियार से हमला, अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज

डीबीडी संवाददाता | भिवंडी

नारपोली पुलिस स्टेशन क्षेत्र के काल्हेर इलाके में एक युवक पर दो अज्ञात बाइक सवारों ने धारदार हथियार से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। यह घटना अवध कॉम्प्लेक्स के पास घटित हुई, जहां युवक अपने दोस्त के साथ खड़ा था।



### हमले में घायल युवक की पहचान और घटना का विवरण

घायल युवक की पहचान 29 वर्षीय राहुल संजय जायसवाल, निवासी कोलशेत, ठाणे के रूप में हुई है। घटना के समय, राहुल अपने दोस्त जॉय चौधरी के साथ काल्हेर स्थित केम्स रियल्टी कार्यालय के सामने खड़ा था। तभी अचानक पीछे से दो अज्ञात बाइक सवारों में से एक ने धारदार हथियार से राहुल के सिर पर वार कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

### पुलिस कार्रवाई और जांच

राहुल की शिकायत पर नारपोली पुलिस स्टेशन में अज्ञात हमलावरों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने हमले की वजह और हमलावरों की पहचान के लिए गहन जांच शुरू कर दी है। साथ ही फरार हमलावर बाइक सवारों की तलाश की जा रही है।

# चोरों ने रिक्शा चालक का मोबाइल और महिला का मंगलसूत्र छीना

शरीफ अंसारी | भिवंडी

भिवंडी पुलिस उपायुक्त क्षेत्र में मोबाइल और चेन स्नैचिंग की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। हाल ही में मानकोली-दापोडा रोड और भादवड़-टेमघर पाड़ा रोड पर दो अलग-अलग घटनाओं ने नागरिकों को चिंतित कर दिया है।



### पहली घटना:

गजानन पेट्रोल पंप के पास, रिक्शा चालक तनुज सिंह जनोजा का 35,000 मूल्य का आईफोन स्कूटर सवार एक अज्ञात चोर ने रात में उनके हाथ से छीन लिया। पीड़ित की शिकायत पर नारपोली पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया है।

### दूसरी घटना:

सुबह 7 बजे, मोहल्ले की महिला चिंतामणि गुप्ता भादवड़-टेमघर पाड़ा रोड पर पैदल जा रही थीं। इसी दौरान दो दुपहिया वाहन सवार अज्ञात लुटेरों ने उनके गले से 84,000 मूल्य का मंगलसूत्र छीन लिया। महिला की शिकायत के आधार पर शांतिनगर पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया है।

### नागरिकों में भय का माहौल:

लगातार हो रही इन घटनाओं से क्षेत्र के नागरिक भयभीत हैं। पुलिस ने दोनों घटनाओं की जांच शुरू कर दी है और लुटेरों की तलाश जारी है। पुलिस ने नागरिकों को सतर्क रहने और संदिग्ध गतिविधियों की सूचना तुरंत देने की अपील की है।

# विशाल गवली पर पुलिस का शिकंजा

**तीनों भाइयों पर बड़ी कार्रवाई**

डीबीडी संवाददाता | कल्याण

अल्पवयस्क लड़की के साथ बलात्कार और हत्या के मामले में मुख्य आरोपी विशाल गवली पर पुलिस का शिकंजा लगातार कसता जा रहा है। अब गवली के तीन भाइयों आकाश गवली, श्याम गवली, और नवनाथ गवली के खिलाफ तड़ीपारी की कार्रवाई की गई है। इन तीनों को ठाणे जिले से तड़ीपार कर दिया गया है। यह कार्रवाई कल्याण के पुलिस उपायुक्त अतुल झेंडे के निर्देशन में की गई।



### पूरा मामला समझें

विशाल गवली और उसकी पत्नी साक्षी पर अल्पवयस्क लड़की के साथ बलात्कार और हत्या का आरोप है। लड़की का शव एक बैग में भरकर बापगांव के पास फेंक दिया गया था। पुलिस ने गवली और उसकी पत्नी को गिरफ्तार किया, जिन्हें अब न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। इस मामले में त्वरित न्यायालय में सुनवाई होगी। आरोपी ने अपराध के बाद अपना मोबाइल बुलढाणा जिले के एक लॉज मालिक को बेच दिया था। पुलिस ने मोबाइल जब्त कर उसे फॉरेंसिक जांच के लिए भेजा है। आरोपी अपराध के बाद शेगांव भाग गया था, जहां से पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया। गवली पर शराब और गांजे की लत का आरोप है। उसने गांजे की बिक्री के लिए अपने घर के पास एक शेड बनाया था।

### सामाजिक मांग और प्रशासनिक कदम

आरोपी के पिता पर ब्याज का अवैध धंधा चलाने का आरोप है। सामाजिक न्याय मंत्री रामदास आठवले ने आरोपी के निवास स्थान की इमारत को खतरनाक बताते हुए उसे गिराने की मांग की, जिसके तहत महानगरपालिका ने कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस ने गवली परिवार के आपराधिक रिकॉर्ड की गहराई से जांच की, जिसके आधार पर भाइयों के खिलाफ तड़ीपारी की कार्रवाई की गई। पीड़ित लड़की के माता-पिता और सामाजिक संगठनों ने आरोपी विशाल गवली को फांसी की सजा देने की मांग की है। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस और प्रशासन ने सख्त कदम उठाए हैं।

# अजित दादा का शरद पवार को धक्का

## सतीश चव्हाण तुरही छोड़ पहनेंगे घड़ी

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी(NCP) ने विधानसभा चुनाव में अच्छा प्रदर्शन किया। इसके बाद पार्टी में नए सदस्यों का आना शुरू हो गया है। विधानसभा चुनाव से पहले अजित पवार का साथ छोड़कर शरद पवार के साथ आए नेताओं ने अब वापसी शुरू कर दी है। एनसीपी शरद पवार गुट की पार्टी के विधायक सतीश चव्हाण शनिवार को अजित पवार की एनसीपी में शामिल होंगे। वह मराठवाड़ा स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से विधायक हैं।





### अजित पवार का क्यों छोड़ा था साथ?

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी में बंटवारे के बाद सतीश चव्हाण अजित पवार की राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी में शामिल हो गए थे। हालांकि वह विधानसभा चुनाव लड़ने में रुचि रखते थे। वह गंगापुर निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव लड़ना चाहते थे। लेकिन चव्हाण के सामने समस्या यह थी कि यह सीट महायुति में बीजेपी के खाते में जा रही थी। उन्होंने विधानसभा चुनाव लड़ने के लिए शरद पवार की राष्ट्रवादी पार्टी का बैनर उठाया। लेकिन अब वह अजित पवार की पार्टी में लौटने वाले हैं।

### पांच हजार वोट से हारे थे चव्हाण

सतीश चव्हाण ने शरद पवार की पार्टी से विधानसभा चुनाव लड़ा था। वे उसमें पराजित हो गए। चव्हाण ने इस साल बीजेपी के प्रशांत बांब को कड़ी टक्कर दी। इन्होंने पिछले तीन चुनावों में 15,000 से अधिक वोटों से जीत हासिल की थी। चव्हाण को 1 लाख 20 हजार 540 वोट मिले। वह मात्र 5,014 मतों से पराजित हुए। विधायक चव्हाण की वापसी से एनसीपी की ताकत बढ़ेगी।

### एनसीपी ने सतीश चव्हाण को 6 साल के लिए पार्टी से निलंबित किया था

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी ने विधानसभा चुनाव से पहले पार्टी छोड़ने वाले सतीश चव्हाण के खिलाफ कार्रवाई की थी।

उन्हें पार्टी से 6 साल के लिए निलंबित कर दिया गया। लेकिन हकीकत में यह कार्रवाई छह महीने भी नहीं चली। चव्हाण विधानसभा चुनाव के नतीजे घोषित होने से ठीक दो महीने पहले घर लौटेंगे। वे कल यानी शनिवार को अपना तुरही नीचे रख देंगे और घड़ी पहनेंगे।

### एनसीपी के अधिवेशन में बदलेंगे पाला

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी का दो दिवसीय अधिवेशन शनिवार से शुरू हो रहा है। शिरडी में एक सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। विधायक चव्हाण इसी अधिवेशन में पार्टी में शामिल होंगे। चव्हाण के पार्टी में प्रवेश से मराठवाड़ा में राकांपा को बढ़ावा मिलेगा। गंगापुर में उनकी अच्छी ताकत है। दिलचस्प बात यह है कि राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी अब तक इस निर्वाचन क्षेत्र में कभी जीत हासिल नहीं कर सकी है।

# ओशिवरा बस डिपो में खड़ी बेस्ट बस में अचानक लगी आग

## फायर बिग्रेड ने आग पर पाया काबू



डीबीडी संवाददाता | मुंबई

मुंबई के पश्चिमी उपनगर के एक डिपो में शुक्रवार को बृहन्मुंबई विद्युत आपूर्ति एवं परिवहन यानी बेस्ट की एक बस में अचानक आग लग गई। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि ओशिवरा बस डिपो में खड़ी एक बस में लगी आग में किसी के घायल होने की कोई खबर नहीं है।

### कोई हताहत नहीं

अचानक डिपो में खड़ी बस को आग लगने से यात्रियों में हड़कंप मच गया। सभी लोग तितर-बितर हो गए। गनीमत रही कि बस में कोई मौजूद नहीं था, जिससे कोई हताहत नहीं हुआ। आग पर काबू पा लिया गया लेकिन बस का भारी नुकसान हो गया।

### बस अत्यधिक गर्म होने के कारण लगी आग

उन्होंने बताया कि दमकल की एक गाड़ी को मौके पर भेजा गया और कुछ ही मिनटों में आग को बुझा दिया गया। बेस्ट के एक प्रवक्ता ने बताया कि बस की मरम्मत के दौरान वाहन के अत्यधिक गर्म होने के कारण आग लग गई। वाहन को एक निजी संचालक से 'वेट लीज' पर लिया गया था।

### क्या है बस की 'वेट लीज'

'वेट लीज' से मतलब एक ही कंपनी वाहन, चालक और कंडक्टर सभी चीजें मुहैया कराती है। वेट लीज़ मॉडल के तहत, निजी ऑपरेटर बसों के रखरखाव और ड्राइवरों के वेतन का ध्यान रखते हैं।

**पश्चिम रेलवे**

**निविदा रद्द करने की सूचना**

**निविदा संख्या EL-TRD-W-118-24-25-15 जिसकी अंतिम तिथि 31/01/2025, 15:30** बजे है, इसको निविदा दस्तावेजों में तकनीकी त्रुटियों के कारण रद्द कर दिया गया है। सभी नियम और शर्तें अपरिवर्तित रहेंगी।

0979

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

**पश्चिम रेलवे**

**शुद्धिपत्र सूचना**

**निविदा सूचना संख्या: बीसीटी/24-25/261 दिनांक 13/01/2025 और डीओपी - दिनांक 07/02/2025; कार्य का नाम: विद्यमान:** (i) विरार जोरावासन सेक. सीटीआर (पी) = 6.53 टीकेएम, टीएसआर (पी) = 25.00 टीकेएम और टीआरआर (पी) = 0.52 टीकेएम। (ii) विरार - सूरत - टीटीआर (सीएस) - 48 सेट, टीटीआर (सीएमएससी) - 7 सेट, एसईजे - 48 नं., केवल पी एंड सी स्लीपर - 167. और टीएफआर (पी एंड सी) - 193 (केवल जीआरएसपी)। (iii) विरार - जोरावासन - टीएफआर - 22.138 टीकेएम। संयुक्त निविदा (सिविल + एस एंड टी)। **इस प्रकार पढ़ें:** (i) विरार - जोरावासन सेक. सीटीआर (पी) = 6.53 टीकेएम, टीएसआर (पी) = 25.00 टीकेएम और टीआरआर (पी) = 0.52 टीकेएम। (ii) विरार सूरत - टीटीआर (सीएस) - 48 सेट, टीटीआर (सीएमएससी) - 7 सेट, एसईजे - 48 नग, केवल पीएंडसी स्लीपर - 167. और टीएफआर (पीएंडसी) - 193 (केवल जीआरपीएस)। (iii) विरार जोरावासन - टीएफआर 22.138 टीकेएम। **निविदा लागत:** मौजूदा: 63857065.72; **इस प्रकार पढ़ें:** 62269697.74; ईएमडी: मौजूदा: 469300/-; **इस प्रकार पढें** 461400/-; अन्य सभी नियम व शर्तें समान रहेंगी।

0977

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

**मध्य रेल**

**भुसावल विभाग**

**ई- निविदा सुचना**

भारत के महामाहिम राष्ट्रपति हेतु सीनियर डिवीज़नल बिजली इंजीनियर (क.वि.) मध्य रेल, भुसावल द्वारा निम्न लिखित कार्य हेतु डीजीटेली हस्थाक्षरित ऑनलाइन ओपन ई निविदा आमंत्रित की जाती है। **कार्य का नाम:** मध्य रेलवे के भुसावल मंडल में ट्रैक नवीनीकरण कार्य के संबंध में टीआरडी बॉन्डिंग कार्य। **कार्य की लागत:** रु. 8,48,757.00 **बयाना राशि:** रु. 17,000.00 **निविदा जमा करने की अंतिम तारीख,समय:** 18/02/2025 up to 15:00 hrs. **अतिरिक्त जानकारी के लिए वेब साइट का पता:** www.ireps.gov.in

**टेंडर नोटिस न.: भुसावल/ ईलेक्ट/ टीआरडी/06/2025 दिनाक 14/01/2025.**

**Sr.DEE(TRD), BHUSAWAL**

Download UTS App for Tickets BSL-08



**बॉम्बे हाईकोर्ट की नागपुर बेंच ने युवक को किया बरी**

# शादी से मना करना सुसाइड के लिए उकसाना नहीं: कोर्ट

**मुंबई।** बॉम्बे हाईकोर्ट की नागपुर स्थति बेंच ने बुधवार को महिला को सुसाइड के लिए उकसाने के मामले में फैसला दिया। कोर्ट ने कहा- सिर्फ इसलिए कि पुरुष ने रिलेशनशिप को खत्म कर दिया और फिर महिला ने सुसाइड कर लिया तो शख्स पर सुसाइड के लिए उकसाने का मामला दर्ज नहीं किया जा सकता।

जस्टिस उर्मिला जोशी-फाल्के ने ऐसे ही मामले में 26 वर्षीय युवक को बरी किया। उस पर एक महिला को सुसाइड के लिए उकसाने का मामला दर्ज किया गया था। जिसके साथ वह 9 साल से रिलेशनशिप में था। उसने इस मामले में बुलढाणा जिले के खामगांव सेशन कोर्ट के बरी नहीं करने के फैसले को हाईकोर्ट में चुनौती दी थी।

### 'ब्रेकअप के बाद सुसाइड के लिए बॉयफ्रेंड जिम्मेदार नहीं'

जज ने कहा- जांच में कहीं भी ये नहीं है कि शख्स ने मृतक महिला को सुसाइड करने के लिए उकसाया था। सबूतों से पता लगा है कि ब्रेकअप के बाद भी दोनों के बीच बातचीत जारी थी। अगर शख्स ने उससे शादी करने से मना कर दिया था तो यह महिला को सुसाइड करने के लिए उकसाने या उसके बराबर नहीं होगा। बेंच ने कहा कि ब्रेकअप के तुरंत बाद सुसाइड नहीं किया बेंच ने कहा- न तो सुसाइड नोट और न ही वॉट्सएप चैट से यह पता चलता है कि उस शख्स ने शादी का वादा कर फिजिकल रिलेशन बनाए और उसके बाद उनका रिश्ता टूट हो। मृतका ने ब्रेकअप के तुरंत बाद सुसाइड नहीं किया था। उन्होंने कहा कि दोनों के बीच जुलाई 2020 में ही ब्रेकअप हो गया था जबकि मृतका ने 3 दिसंबर, 2020 को सुसाइड किया था।

# मुंबई सेंट्रल डिपो में ओलेक्ट्रा बस कर्मचारियों की हड़ताल



## यात्रियों की परेशानी बढ़ी

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

ओलेक्ट्रा कंपनी की बसों में काम करने वाले बेस्ट वेट लीज कर्मचारियों ने शुक्रवार को मुंबई सेंट्रल बस डिपो में हड़ताल कर दी, जिससे यात्री फंस गए। कर्मचारी अपने वेतन का भुगतान करने की मांग कर रहे हैं।

बेस्ट प्रवक्ता सुदास सावंत ने कहा कि धारावी में काला किला डिपो में ओलेक्ट्रा कर्मचारियों की हड़ताल समाप्त हो गई थी। हालांकि, वेतन संबंधी मांगों को लेकर शुक्रवार सुबह मुंबई सेंट्रल डिपो में ओलेक्ट्रा कर्मचारियों की फिर से हड़ताल शुरू हो गई है। बेस्ट उपक्रम ने प्रभावित मार्गों पर स्वयं के स्वामित्व वाली बसें तैनात की हैं।

धारावी के निकट कालाकिला बस डिपो में गुरुवार को वेतन की मांग को लेकर ओलेक्ट्रा बस चालक भी हड़ताल पर चले गए थे, जिससे बस सेवाएं बाधित हुईं। ड्राइवरों को मौर्य कंपनी ने टीम ओलेक्ट्रा के माध्यम से आउटसोर्स किया है।

# मुंबई की ऊर्जा वहन क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि

## महापारेषण का बड़ा कदम

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

मुंबई शहर और उपनगरों में बढ़ती बिजली की मांग को पूरा करने के लिए महापारेषण ने 400 केवी ट्रांसमिशन लाइन का महत्वाकांक्षी निर्माण कार्य सफलतापूर्वक पूरा किया है। इस परियोजना के तहत, वी कलवा-पडघा चैनल नं. 1 के पुराने कंडक्टरों को नए उच्च क्षमता वाले कंडक्टरों (एचपीसी) से बदला गया है, जिससे 4,200 मेगावाट बिजली का संचरण अब संभव हो सकेगा, जो पहले केवल 2,000 मेगावाट तक सीमित था।



### महत्वपूर्ण कार्य विवरण

इस कार्य को 17 दिनों में 500 से अधिक कुशल श्रमिकों द्वारा रिकॉर्ड समय में पूरा किया गया। चैनल नं. 1 और चैनल नं. 2 की क्षमता में 2,000 मेगावाट से बढ़कर 4,200 मेगावाट तक बिजली का संचरण अब संभव होगा। चैनल के 27 किमी हिस्से का काम पहले ही पूरा हो चुका है, और शेष 23 किमी का कार्य 2023-24 में पूरा होने की योजना है। इस परियोजना के निर्माण में कई बड़ी चुनौतियाँ आईं, जैसे रेलवे, राजमार्ग और उच्च-वोल्टेज लाइनों को पार करना, पहाड़ी क्षेत्र, वन भूमि और स्थानीय ग्रामीणों का विरोध। बावजूद इन कठिनाइयों के, महापारेषण ने आधुनिक तकनीक का उपयोग करते हुए और विभिन्न हितधारकों के साथ सकारात्मक बातचीत की, जिससे परियोजना में तेजी आई और काम शीघ्रता से पूरा हुआ।

**पश्चिम रेलवे बांद्रा टर्मिनस अहमदाबाद के बीच सुपरफास्ट विशेष ट्रेनें चलाएगा**

| ट्रेन संख्या | प्रारंभिक स्टेशन और गंतव्य | सेवा की तिथि | प्रस्थान | आगमन |
|---|---|---|---|---|
| 09091 | बांद्रा टर्मिनस - अहमदाबाद | 25/01/2025 | 06:15 बजे (शनिवार) | 14:00 बजे उसी दिन |
| 09092 | अहमदाबाद - बांद्रा टर्मिनस | 26/01/2025 | 01:40 बजे (रविवार) | 08:40 बजे उसी दिन |
| **ठहराव:** बोरीवली, वापी, उधना, भरूच और वडोदरा स्टेशन दोनों दिशाओं में। | | | | |
| **संरचना:** एसी 3 टियर और एसी चेयर कार कोच | | | | |
| 09005 | बांद्रा टर्मिनस - अहमदाबाद | 26/01/2025 | 06:15 बजे (रविवार) | 13:00 बजे उसी दिन |
| 09006 | अहमदाबाद -बांद्रा टर्मिनस | 27/01/2025 | 00:50 बजे (सोमवार) | 08:30 बजे उसी दिन |
| **ठहराव :** बोरीवली, वापी, उधना, भरूच और वडोदरा स्टेशन दोनों दिशाओं में। | | | | |
| **संरचना:** एसी 2 टियर और एसी 3 टियर कोच | | | | |

ठहरावों और संरचना के समय के बारे में विस्तृत जानकारी के लिए, यात्री कृपया www.enquiry.indianrail.gov.in पर जा सकते हैं।

ट्रेन संख्या 09091, 09092, 09005 और 09006 की बुकिंग 18/01/2025 से सभी पीआरएस काउंटरों और IRCTC वेबसाइट पर शुरू होगी। उपरोक्त ट्रेनें विशेष ट्रेन के रूप में विशेष किराए पर चलेंगी।

**पश्चिम रेलवे**

wr.indianrailways.gov.in

हमें लाईक करें : facebook.com/WesternRly

हमें फॉलो करें : x.com/WesternRly

कृपया सभी आरक्षित टिकटों के साथ अपना वास्तविक पहचान पत्र भी साथ रखें

# महाराष्ट्र सरकार ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता नीति के लिए समिति गठित की

डीबीडी संवाददाता | मुंबई



महाराष्ट्र के सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री आशीष शेलार ने शुक्रवार को कहा कि राज्य सरकार ने प्रदेश में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) नीति लागू करने संबंधी सिफारिशों के लिए एक समिति का गठन किया है।

मंत्री ने कहा कि 16 सदस्यीय एआई नीति कार्यबल एआई-आधारित उद्योग के तेजी से विकास के क्रम में एआई नीति 2025 विकसित करने में महाराष्ट्र की मदद करेगा। शेलार ने कहा कि महाराष्ट्र समर्पित एआई नीति वाला भारत का पहला राज्य बन जाएगा। उन्होंने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''एआई भारत की 600 अरब अमेरिकी डॉलर की डिजिटल अर्थव्यवस्था के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी, जिसमें अकेले महाराष्ट्र की डिजिटल अर्थव्यवस्था का अनुमानित योगदान 6 लाख करोड़ रुपये होगा।'' मंत्री ने कहा कि यह नीति इस वृद्धि को और तेज करने में मदद करेगी तथा महाराष्ट्र को आने वाले वर्षों में एक लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर की जीडीपी हासिल करने के लक्ष्य की ओर आगे बढ़ाएगी। उन्होंने कहा कि एआई नीति केंद्र सरकार की एआई मिशन नीति के ढांचे पर आधारित होगी।

# महाराष्ट्र के 12 एनएसएस स्वयंसेवकों ने किया गणतंत्र दिवस परेड का अभ्यास



**मुंबई/नई दिल्ली।** महाराष्ट्र के राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के 12 स्वयंसेवक गणतंत्र दिवस परेड के लिए ठिठुरती ठंड में जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में अभ्यास कर रहे हैं। उनके साथ गोवा के भी दो एनएसएस स्वयंसेवक इस अभ्यास में शामिल है। केंद्रीय खेल एवं युवा मामले मंत्रालय की ओर से राजधानी दिल्ली में 76 वें गणतंत्र दिवस समारोह के लिए एनएसएस प्रशिक्षण शिविर जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में शुरू हो गया है। इस प्रशिक्षण शिविर में देश भर से कुल 200 राष्ट्रीय सेवा योजना स्वयं सेवकों ने भाग लिया। ये शिविरार्थी योग, व्यायाम, परेड अभ्यास, बौद्धिक सत्र और सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लेते हैं। महाराष्ट्र से आए स्वयंसेवकों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में राज्य में मनाए जाने वाले विभिन्न त्योहारों की प्रस्तुति दी। दर्शकों ने 'महाराष्ट्र में मकर संक्रांति का महत्व' पर प्रस्तुति की सराहना की।

**बृहन्मुंबई महानगरपालिका**

**वृक्ष प्राधिकरण**

सार्वजनिक सूचना

महाराष्ट्र (शहरी क्षेत्र) वृक्ष संरक्षण एवं परिरक्षण अधिनियम 1975 (जनवरी 2018 तक संशोधित) की धारा 8 (3) (सी) के प्रावधानों के अनुसार जोन-V में 'एम/पश्चिम' वार्ड से **01** प्रस्ताव अर्थात वृक्षों को हटाने के लिए कुल-**01** प्रस्ताव मनपा आयुक्त, अध्यक्ष, वृक्ष प्राधिकरण बीएमसी द्वारा उक्त अधिनियम की धारा (8) की उपधारा (6) के अंतर्गत अनुमोदित किया जाता है।

उपर्युक्त प्रस्तावों में कटाई/रोपण हेतु वृक्षों की जानकारी बीएमसी वेबसाइट **https://portal.mcgm.gov.in/** हमारे बारे में वार्ड/विभाग मैनुअल - / व उद्यान एवं वृक्ष प्राधिकरण ...293.... (एम/डब्ल्यू) पर उपलब्ध है।

**उद्यान अधीक्षक एवं वृक्ष प्राधिकरण के वृक्ष अधिकारी**
पेंग्विन इमारत, 2री मंजिल
वीरमाता जीजाबाई भोसले उद्यान,
डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर रोड,
भायखला (पूर्व), मुंबई-400027.
दूरभाष क्रमांक-022-23742162
ईमेल-sg.gardens@mcgm.gov.in

पीआरओ/2266/विज्ञा./2024-25

**हस्ता.**
उद्यान अधीक्षक एवं वृक्ष अधिकारी

समय पर उपचार, बचाएं प्राण।

DBD दो बजे दोपहर
पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है



संपादकीय

# गगनभेदी कामयाबी

नए साल की शुरुआत के साथ ही भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन ने बृहस्पतिवार को ऐतिहासिक कामयाबी हासिल कर ली। इसरो ने 'स्पेस डॉकिंग एक्सपेरिमेंट' यानी स्पेडेक्स के तहत दो उपग्रहों की अंतरिक्ष में डॉकिंग सफलतापूर्वक पूरी कर ली। इस सफलता के बाद अब भारत अंतरिक्ष में अपना स्पेस स्टेशन बना सकता है। इस ऐतिहासिक कामयाबी से भारत अमेरिका,रूस व चीन के बाद यह लक्ष्य हासिल करने वाला चौथा देश बन गया है। इस मिशन की कामयाबी से भारत के चंद्रयान-4, गगनयान और भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन बनाने जैसे मिशनों का भविष्य तय हुआ है। जहां चंद्रयान-4 मिशन से चंद्रमा की मिट्टी के नमूने भारत लाए जाएंगे, वहीं गगनयान मिशन के जरिये भारतीय अंतरिक्ष यात्रियों को अंतरिक्ष में भेजा जा सकेगा। दरअसल, स्पेडेक्स दो छोटे अंतरिक्ष यान का उपयोग करके अंतरिक्ष में डॉकिंग के लिये एक किफायती प्रौद्योगिक मिशन है। गत तीस दिसंबर को इसरो ने इस प्रयोग को सफलतापूर्वक संपन्न किया। इसके अंतर्गत दो छोटे उपग्रहों को पीएसएलवी सी-60 के जरिये श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से प्रक्षेपित किया गया था। प्रक्षेपण के 15 मिनट बाद 220 किलो वजनी दो छोटे उपग्रहों को पृथ्वी की निचली कक्षा में स्थापित कर दिया गया था। बीते कल डॉकिंग के बाद एक सिंगल ऑब्जेक्ट के रूप में स्पेसक्राफ्ट का नियंत्रण सफलता पूर्वक किया गया। आने वाले दिनों में अनडॉकिंग और पॉवर स्थानांतरण की प्रक्रिया को अंजाम दिया जाएगा। दरअसल, अंतरिक्ष में डॉकिंग का मतलब है दो अंतरिक्ष यानों को आपस में जोड़ना। इस डॉकिंग प्रक्रिया को धरती से संचालित किया गया था। कालांतर ये दोनों उपग्रह अपने पेलोड के ऑपरेशन शुरू करेंगे। ये दो साल तक मूल्यवान डेटा इसरो को भेजते रहेंगे। निश्चित रूप से यह प्रक्रिया बेहद जटिल होती है, बिना गुरुत्वाकर्षण के बीच तेज गति से घूम रहे उपग्रहों को आपस में जोड़ना बेहद कठिन कार्य होता है। लेकिन भारतीय अंतरिक्ष वैज्ञानिकों की मेधा से यह संभव हुआ है। बहरहाल, इस मिशन की सफलता ने आने वाले समय में गगनयान मिशन, अंतरिक्ष स्टेशन बनाने व भारत के महत्वाकांक्षी अंतरिक्ष यात्री भेजने के अभियान की सफलता की राह सुगम कर दी है। इतना ही नहीं, अंतरिक्ष स्टेशन बनाने के बाद वहां आने-जाने के लिये भी डॉकिंग तकनीक उपयोगी साबित होगी। वहीं दूसरी ओर सैटेलाइट सर्विसिंग, इंटरप्लेनेटरी मिशन और इंसान को चंद्रमा पर भेजने के लिये भी यह तकनीक जरूरी थी। निस्संदेह, यह अभियान खासा चुनौतीपूर्ण था। गुरुवार को मिली सफलता से पहले सात और नौ जनवरी को तकनीकी कारणों से इस मिशन को टाला गया था। फिर बारह जनवरी को इसरों ने एक परीक्षण किया था, जिसमें दोनों उपग्रहों को तीन मीटर तक की दूरी तक लाया गया था। इसके बाद आगे के प्रयोगों के लिये सुरक्षित दूरी पर ले जाया गया। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि भारतीय वैज्ञानिकों ने खुद का डॉकिंग मैकेनिज्म विकसित किया। इस बेहद जटिल व संवेदनशील तकनीक को अब तक कामयाब हुए देशों ने भारत को नहीं दिया था। इसीलिए इसरो ने इसे 'भारतीय डॉकिंग सिस्टम' नाम देकर पेटेंट भी करा लिया है। निश्चय ही यह भारतीय वैज्ञानिकों की उपलब्धि का गौरवशाली क्षण बना है। यह हमारी अंतरिक्ष में एक लंबी छलांग भी है। पिछले दिनों चीन ने आरोप लगाया था कि अमेरिका के अंतरिक्ष बल द्वारा जापान में एक इकाई तैनात करने से वैश्विक रणनीतिक स्थिरता को खतरा पैदा हो गया है। हालांकि खुद बीजिंग भी अंतरिक्ष में अपनी सैन्य क्षमताओं का तेजी से विस्तार कर रहा है। यह भारत के लिये भी चिंता की स्थिति है। ऐसे में भारत को अपने अत्याधुनिक अंतरिक्ष कार्यक्रम को गति देने में कोई ढील नहीं देनी चाहिए।

# राष्ट्रपति की गिरफ्तारी से गहराता कोरियाई संकट

राष्ट्रपति यून सुक येओल, हिरासत में लिए जाने वाले पहले कोरियाई नेता बन गए हैं। इस समय वो निलंबित हैं, और पुलिस हिरासत में हैं। गुरुवार को भी उनसे पूछताछ हुई। राष्ट्रपति यून सुक येओल का कसूर यह है कि उन्होंने दक्षिण कोरिया में मार्शल लॉ घोषित कर दिया था। उसके 43 दिन बाद, बुधवार को जांचकर्ताओं ने उन्हें पूछताछ के लिए हन्नाम-डोंग स्थित उनके आधिकारिक आवास से हिरासत में ले लिया था। यून को ग्योंगगी प्रांत के उइवांग स्थित सियोल हिरासत केंद्र ले जाया गया। इस कांड से सड़क पर संग्राम जैसी स्थिति है। यून सुक येओल के एक समर्थक ने अपने शरीर में आग लगा ली।

इस बार, जांचकर्ता गिरफ्तारी आदेश को लागू करने में मदद करने के लिए अतिरिक्त अधिकारियों को साथ लाए थे। डर इसका था कि सुरक्षा में लगे कर्मी, जांच अधिकारियों की टीम के आगे बंदूक न तान दें। हिरासत वारंट को निष्पादित करने का एक सकारात्मक पहलू यह था, कि पुलिस, उच्च-रैंकिंग अधिकारियों के लिए भ्रष्टाचार जांच कार्यालय (सीआईओ) और राष्ट्रपति सुरक्षा सेवा (पीएसएस) के बीच कोई खूनी टकराव नहीं हुआ। राष्ट्रपति के समर्थकों और विरोधियों द्वारा अपनी स्थिति संभालने के बाद सुबह-सुबह लगभग 1,000 जांचकर्ता एकत्र हुए। हालांकि, राष्ट्रपति निवास में प्रवेश अपेक्षाकृत शांतिपूर्ण तरीके से किया गया। पहले जो प्रयास किये गए थे, उसके विपरीत, लगभग 500 पीएसएस अधिकारियों ने गिरफ्तारी का विरोध नहीं किया। राष्ट्रपति निवास छोड़ने से पहले, यून ने कहा, 'देश में कानून पूरी तरह से ध्वस्त हो गया है। मैं खूनी झड़पों को रोकने के लिए सीआईओ के पास जा रहा हूं।' लेकिन, राष्ट्रपति यून सुक येओल ने गुरुवार को भ्रष्टाचार जांच कार्यालय (सीआईओ) के सवालों का जवाब देने से इंकार कर दिया। सवाल घूम-फिर कर, वही थे कि उन्होंने मार्शल लॉ की घोषणा कैसे की। यून को ग्वाचियोन, ग्योंगगी प्रांत मुख्यालय में लाए जाने से पहले, सीआईओ ने 200 पन्नों के आरोप पत्र तैयार किये थे। उन पर दो मुख्य आपराधिक आरोप हैं- पहला सत्ता का दुरुपयोग, और दूसरा अराजकता जैसी स्थिति, जो मार्शल लॉ डिक्री को लागू करने से उत्पन्न हुई है। यून पर यह भी आरोप है, कि उन्होंने संसद में तैनात मार्शल को उपस्थित सभासदों को हटाने के लिए कहा था, ताकि वे डिक्री को निरस्त करने के लिए मतदान न कर सकें।

राष्ट्रपति यून सुक येओल के वकीलों ने कहा कि वह एजेंसी द्वारा की जा रही किसी भी जांच में सहयोग नहीं करेंगे, क्योंकि उनका मानना है कि एजेंसी के पास ऐसी जांच करने का कानूनी अधिकार नहीं है।

राष्ट्रपति की बचाव टीम के एक सदस्य सेक डोंग-ह्यून के अनुसार, 'पिछले दिन सीआईओ जांचकर्ताओं द्वारा की गई 10 घंटे की पूछताछ के बाद, यून के पास कहने के लिए कुछ नहीं था, और वह



**पुष्परंजन**

पूछताछ के किसी और अनुरोध का जवाब नहीं देंगे। सीआईओ की अवैध जांच में सहयोग करने का कोई कारण या आवश्यकता नहीं है।' संवैधानिक न्यायालय ने 3 दिसंबर, 2024 को मार्शल लॉ लागू करने, और फिर उन्हें हटाने की वैधता पर विचार-विमर्श करना शुरू कर दिया है। यून पहले जवाब दे चुके हैं, कि यह आदेश शासन का एक वैध कार्य था, जिसका उद्देश्य 'राज्य विरोधी' विपक्ष का मुकाबला करना था। 3 दिसंबर, 2024 को राष्ट्रपति यून सुक येओल के आदेशों का पालन करने वाले वरिष्ठ सरकारी, और सैन्य अधिकारी अब भी गिरफ्तार हैं। उनके विरुद्ध विद्रोह करने और सत्ता के दुरुपयोग के आरोप लगाए गए हैं। मुख्य विपक्षी डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ कोरिया के नेता ली जे-म्यांग ने स्थिति को खेदजनक बताया, लेकिन इस बात पर जोर दिया कि 'अब संवैधानिक व्यवस्था को बहाल करने और आजीविका के मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करने का समय आ गया है।' इस बीच, सत्तारूढ़ पीपुल पावर पार्टी के नेता, क्वेऑन सेओंग-डोंग ने देश में हुए नुकसान पर चिंता ज़ाहिर की, और अफ़सोस व्यक्त किया।

पिछले महीने की शुरुआत में अल्पकालिक मार्शल लॉ संकट के बाद से दक्षिण कोरियाई राजनीति उथल-पुथल में है। राष्ट्रपति यून सुक येओल ने अचानक यह कदम उठाया और विपक्ष द्वारा नियंत्रित राष्ट्रीय असेंबली द्वारा मजबूर किए गए, फिर अचानक इसे वापस ले लिया। यह तार्किक प्रश्न है, कि उन्होंने ऐसा क्यों किया? इसके लिए उनके सलाहकारों ने जो सुझाव दिए थे, वो सलाह ग़लत भी हो सकती है। या यह क़दम यदि सही रहा हो तो उसे साबित करने की चुनौती यून सुक येओल के समक्ष है। अंतिम उत्तर संवैधानिक न्यायालय को देना है, जिसे महाभियोग के बारे में भी जांच करके अपना निष्कर्ष देना है।

क्या हम कहें, कि दक्षिण कोरिया संसदीय राजनीति की विफलता की ओर अग्रसर है? दो मुख्य राजनीतिक दल, सत्तारूढ़ 'पीपुल्स पावर पार्टी' और विपक्षी 'डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ कोरिया', एक-दूसरे से पूरी तरह से अलग हो गए हैं, जिससे राजनीतिक संवाद और समझौते के लिए कोई जगह नहीं बची है। संसद की राजनीति सड़क पर है। दो राजनीतिक खेमों के बीच बढ़ते ध्रुवीकरण को देखते हुए संवाद की गुंजाइश कम दिखती है। लगभग स्वचालित रूप से राजनीतिक समस्याओं को न्यायपालिका को सौंप दिया गया। राजनीति का न्यायिकीकरण कोरियाई राजनीतिक व्यवस्था में संरचनात्मक कमियों को उजागर करता है। राजनीतिक पर्यवेक्षकों के अनुसार, 'राष्ट्रपति यून सुक येओल की हिरासत ने राष्ट्रपति सुरक्षा प्रोटोकॉल की निरंतरता के बारे में सवाल खड़े कर दिए हैं, क्योंकि वे कोरिया के संवैधानिक इतिहास में निरुद्ध होने वाले पहले राष्ट्रपति बन गए हैं।'

राष्ट्रपति सुरक्षा सेवा (पीएसएस) ने पुष्टि की है कि यून के लिए उनके सुरक्षा उपाय तब तक प्रभावी रहेंगे, जब तक वे राष्ट्रपति पद पर बने रहेंगे, भले ही उनके अधिकार वर्तमान में निलंबित हैं। यदि उन्हें औपचारिक रूप से गिरफ्तार किया जाता है, तो ये विशेषाधिकार समाप्त हो जाएंगे। लेकिन, प्रथम महिला किम कीन ही की सुरक्षा हमेशा की तरह जारी रहेगी। प्रेसिडेंट हाउस के पूर्व अधिकारी पार्क ग्वान-चेन ने कहा, 'राष्ट्रपति सुरक्षा अधिनियम में यह प्रावधान है कि जब तक व्यक्ति राष्ट्रपति का दर्जा बनाए रखता है, तब तक उसकी सुरक्षा सेवाएं जारी रहनी चाहिए।' डर इसका भी है, कि कहीं दक्षिण कोरिया 'फेल्ड स्टेट' घोषित न हो जाये। न्यायपालिका का राजनीतिकरण यदि इस पूरे मामले में होता है, तो कोरियाई प्रायद्वीप के लिए शुभ संकेत नहीं है।

एक और चुनौती सामने है, जिसमें 1987 में अपनाए गए मौजूदा संविधान में संशोधन करना शामिल है, ताकि सर्वशक्तिमान राष्ट्रपति की शक्ति के खिलाफ संस्थागत जांच और संतुलन को परिष्कृत किया जा सके। लेकिन, इस देश में राजनीति के अति-न्यायिकीकरण को रोकना भी ज़रूरी है।

जीवन मंत्र

# आप हर दिन खुद पर कितना वक्त खर्च करती हैं

हमारे-आपके अनुभव ही नहीं बल्कि हाल में हुए एक अध्ययन में भी यह बात सामने आई है कि महिलाएं पुरुषों की तुलना में खुद पर बहुत कम वक्त खर्च करती हैं। इंडिया स्पेंड नाम की एक संस्था के द्वारा किए गए अध्ययन के अनुसार शादीशुदा भारतीय महिलाएं अपने समकक्ष पुरुषों की तुलना में खुद को हर दिन 85 मिनट कम वक्त दे पाती हैं।

कोई अगर आपसे यह सवाल करे कि आप हर दिन खुद पर कितना वक्त खर्च करती हैं, तो आपका क्या जवाब होगा? जहां तक मेरा अनुभव है, अधिकांश महिलाएं झट से कहेंगी कि जिम्मेदारियों से वक्त मिले, तब तो वो खुद के लिए कुछ कर पाएं। हमारे-आपके अनुभव ही नहीं बल्कि हाल में हुए एक अध्ययन में भी यह बात सामने आई है कि महिलाएं पुरुषों की तुलना में खुद पर बहुत कम वक्त खर्च करती हैं। इंडिया स्पेंड नाम की एक संस्था के द्वारा किए गए अध्ययन के अनुसार शादीशुदा भारतीय महिलाएं अपने समकक्ष पुरुषों की तुलना में खुद को हर दिन 85 मिनट कम वक्त दे पाती हैं। वहीं भारतीय महिलाएं हर सप्ताह 44 घंटे से ज्यादा का वक्त ऐसे कामों में बिताती हैं, जिनके लिए उन्हें कोई मेहनताना नहीं मिलता। वहीं पुरुष हर सप्ताह ऐसे कामों पर मात्र पांच घंटे खर्च करते हैं। इस अध्ययन के आंकड़े इस बात को दर्शाते हैं कि भारतीय महिलाओं के पास न खुद के लिए वक्त होता है और न ही वो ऐसा करने के बारे में सोच पाती हैं।



जिम्मेदारियों के बोझ के बीच से जब कुछ महिलाएं थोड़ा-सा वक्त खुद के लिए चुरा लेती हैं, तो उन्हें ऐसा लगता है मानो कि वो कुछ पाप कर रही हैं या फिर स्वार्थी बन रही हैं।अधिकांश लोग सेल्फ केयर यानी खुद की देखभाल को अकसर किसी शानदार छुट्टी पर जाने या फिर स्पा जाकर कोई आकर्षक-सा मसाज लेने से जोड़ते हैं। अमूमन, सेल्फ केयर को पैसे खर्च करने से जोड़कर देखा जाता है। पर, सेल्फ केयर का संबंध पैसों से नहीं बल्कि आपकी मानसिक व शारीरिक सेहत से है। सेल्फ केयर का मतलब अपनी जरूरतों को समझना और उसे पूरा करना है। पर, समस्या यह है कि अधिकांश महिलाएं इस बात को समझ ही नहीं पाती हैं कि उनकी शारीरिक व मानसिक सेहत के लिए कौन-सी बातें जरूरी हैं। हमारे समाज में महिलाओं को हमेशा से अपनी जरूरतों की तुलना में दूसरों की जरूरतों को प्राथमिकता देना सिखाया गया है। ऐसे में वो जब भी खुद की ओर थोड़ा ध्यान देने लगती हैं, तो उन्हें ऐसा महसूस होने लगता है कि वे स्वार्थी हो रही हैं। सेल्फ केयर का जो शाब्दिक अर्थ है, वहीं उसका असली अर्थ भी है यानी खुद की देखभाल करना। अगर आप लंबे समय तक खुद की देखभाल करने से बचेंगी तो आपके शरीर और मन पर उसका नकारात्मक असर नजर आने लगेगा।

खुद को काम के बोझ तले दबा देने का असर न सिर्फ शरीर बल्कि मन की सेहत पर भी पड़ता है।

शख्सियत | महादेव गोविंद रानाडे

# समाज सुधारक, न्यायाधीश और लेखक



महादेव गोविंद रानाडे का जन्म 18 जनवरी 1842 को नाशिक जिले के तालुका शहर निफाड में एक चितपावन ब्राहमण परिवार में हुआ था। उन्होंने कोल्हापुर के एक मराठी स्कूल में पढ़ाई की और बाद में एक अंग्रेजी-माध्यम स्कूल में स्थानांतरित हो गए। 14 साल की उम्र में, उन्होंने एलफिंस्टन कॉलेज, बॉम्बे में अध्ययन किया। वह बॉम्बे विश्वविद्यालय में छात्रों के पहले बैच से थे। 1862 में उन्होंने बी.ए. की उपाधि प्राप्त की। इतिहास और अर्थशास्त्र में डिग्री, और 1864 में इतिहास में एम.ए. तीन साल बाद, उन्होंने एल.एल.बी. की उपाधि प्राप्त की।

राव बहादुर महादेव गोविंद रानाडे को लोकप्रिय रूप से न्यायमूर्ति रानाडे (जस्टिस रानाडे) के नाम से जाना जाता है। वह एक भारतीय विद्वान, समाज सुधारक, न्यायाधीश और लेखक थे। वह भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी के संस्थापक सदस्यों में से एक थे। उन्होंने बॉम्बे विधान परिषद के सदस्य और केंद्र में वित्त समिति के सदस्य जैसे कई पद संभाले। वह बॉम्बे हाई कोर्ट, महाराष्ट्र के न्यायाधीश भी थे।

एल.एल.बी. प्राप्त करने के बाद, रानाडे 1871 में पुणे में एक अधीनस्थ न्यायाधीश बन गए। उनकी राजनीतिक गतिविधियों को देखते हुए, ब्रिटिश औपनिवेशिक अधिकारियों ने 1895 तक बॉम्बे उच्च न्यायालय में उनकी पदोन्नति में देरी की। रानाडे एक प्रगतिशील सामाजिक कार्यकर्ता थे, जिनकी गतिविधियां पश्चिमी संस्कृति और औपनिवेशिक राज्य से गहराई से प्रभावित थीं। उनकी गतिविधियां धार्मिक सुधार से लेकर सार्वजनिक शिक्षा और भारतीय परिवार के भीतर सुधार तक थीं। भारतीय समाज को 'मानवीकृत और समान बनाने' के उनके प्रयासों का प्राथमिक ध्यान महिलाओं पर केंद्रित हुआ। उन्होंने 'पर्दा प्रथा' (महिलाओं को पर्दे के पीछे रखना) के खिलाफ अभियान चलाया। वह सामाजिक सम्मेलन आंदोलन के संस्थापक थे, जिसका उन्होंने अपनी मृत्यु तक समर्थन किया। बाल विवाह, विधवाओं के मुंडन, शादियों और अन्य सामाजिक कार्यों की भारी लागत और विदेश यात्रा पर जाति प्रतिबंधों के खिलाफ अपने सामाजिक सुधार प्रयासों का निर्देशन किया। उन्होंने विधवा पुनर्विवाह और महिला शिक्षा की पुरजोर वकालत 1885 में, रानाडे ने वामन आबाजी मोदक और इतिहासकार डॉ. आर.जी. भंडारकर के साथ मिलकर महाराष्ट्र में लड़कियों के सबसे पुराने हाई स्कूल, हुजुरपगा को शुरू करने के लिए महाराष्ट्र गर्ल्स एजुकेशन सोसाइटी की स्थापना की। 16 जनवरी 1901 में बॉम्बे प्रेसीडेंसी, ब्रिटिश भारत में हुआ था।

जीवन ऊर्जा

हरिवंश राय बच्च : निधन- 18 जनवरी, 2003 देहावसान

# असफलता एक चुनौती है, स्वीकार करो

हरिवंश राय बच्चन जी का जन्म 27 नवम्बर 1907 को इलाहाबाद में एक कायस्थ परिवार में हुआ था। हरिवंश राय बच्चन हिन्दी भाषा के एक कवि और लेखक थे। वे हिन्दी कविता के उत्तर छायावाद काल के प्रमुख कवियों में से एक थे। इनके पिता का नाम प्रताप नारायण श्रीवास्तव तथा माता का नाम सरस्वती देवी था। उनकी सबसे प्रसिद्ध कृति मधुशाला है। भारतीय फिल्म उद्योग के प्रख्यात अभिनेता अमिताभ बच्चन उनके सुपुत्र हैं। उनकी मृत्यु 18 जनवरी 2003 में साँस की बीमारी की वजह से मुम्बई में हुई थी।

गिरना भी अच्छा होता हैं औकात का पता चलता हैं, बढ़ते हैं जब हाथ उठाने को, अपनों का पता चलता हैं। जिन्हें गुस्सा आता हैं, वो लोग सच्चे होते हैं, मैंने तो झूठो को अक्सर, मुस्कुराते हुए देखा हैं, सिख रहा हु अब मैं भी इंसानों को पढ़ने का हुनर, सुना हैं चेहरे पे किताबों से ज्यादा लिखा होता हैं। असफलता एक चुनौती हैं, स्वीकार करो क्या कमी रह गई, देखो और सुधार करो जब तक न सफल हो, नींद चैन को त्यागो तुम संघर्ष का मैदान छोड़ मत भागो तुम, कुछ किए बिना ही जय जय कर नहीं होती कोशिश करने वालों की हार नहीं होती। उतर नशा जब उसका जाता, आती है संध्या बाला, बड़ी पुरानी, बड़ी नशीली नित्य ढला जाती हाला, जीवन की संताप शोक सब इसको पीकर मिट जाते, सुरा-सुप्त होते मद-लोभी जागृत रहती मधुशाला तू न थकेंगा कभी, तू न थमेंगा कभी, तू न मुड़ेगा कभी, कर शपथ कर शपथ कर शपथ, अग्निपथ अग्निपथ, अग्निपथ बजी नफ़ीरी और नमाज़ी भूल गया अल्लाताला, गाज़ गिरी, पर ध्यान सुरा में मग्न रहा पीने वाला; शेख, बुरा मत मानो इसको, साफ़ कहूँ तो मस्जिद को अभी युगों तक सिखलाएगी ध्यान लगाना मधुशाला चाहे जितना तू पी प्याला, चाहे जितना बन मतवाला, सुन भेद बताती हूं अंतिम, यह शांत नहीं होगी ज्वाला, मैं मधुशाला की मधुबाला! एक बरस में एक बार ही जलती होली की ज्वाला, एक बार ही लगती बाजी, जलती दीपों की माला; दुनियावालों, किन्तु, किसी दिन आ मदिरालय में देखो, दिन को होली, रात दिवाली, रोज़ मानती मधुशाला जो बीत गई सो बात गई, जीवन एक सितारा था, माना वह बेहद प्यारा था, वह डूब गया तो डूब गया, अंबर के आनन को देखो। कितने इसके तारे टूटे,कितने इसके प्यर छूटे, जो छूट गए फिर कहा मिले, पर बोले टूटे तारों पर, कब अंबर शोक मनाता हैं जो बीत गई सो बात गई।



सर्वसिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ बिजाना शाजापुर मध्य प्रदेश



# भगवत चरणों में ही व्यक्ति शान्ति प्राप्त कर सकता है

(भाग 1)

अंगद ने रावण की सभा में अपना पैर रोप दिया और कहा कि यदि मेरा चरण कोई हटा दें तो श्रीराम लौट जायेंगे, सीताजी को मैं हार जाऊंगा, मैं ऐसी प्रतिज्ञा करता हूँ। जब अंगद लौटकर आये तो बन्दरों ने प्रश्न किया कि आपने इतनी बड़ी प्रतिज्ञा कर दी, इसमें आपको चिन्ता होनी चाहिए। आज भी लोग चिन्ता करते हैं कि अंगद ने बहुत बड़ी भूल की, यदि कहीं पैर हिल जाता तो क्या होता? अंगद ने उत्तर दिया कि आप यह बताइए कि दाँव पर मैंने जिस वस्तु को लगायी, वह मेरी थी क्या? सीताजी को मैंने दांव पर लगाया था और सीताजी तो प्रभु की शक्ति हैं, मेरी नहीं। फिर चिन्ता प्रभु को होनी चाहिए, मुझे नहीं। इसलिए मेरे सामने कोई चिन्ता का प्रश्न तो था ही नहीं। पूछा गया कि आपको ऐसी प्रतिज्ञा करने की आवश्यकता ही क्या थी? अंगद ने कहा कि मैं रावण की कलई खोलना चाहता था। जब मैंने सीताजी को दाँव पर लगा दिया, तब रावण को यह कहना चाहिए था कि सीताजी तो पहले से ही लंका में मेरे कब्जे में हैं, फिर उनको क्या दाँव पर लगा रहे हो ? परन्तु जब रावण ने राक्षसों से पैर हटाने की चेष्टा करने के लिए कहा तो रावण की कलई खुल गयी कि वस्तुतः रावण ! तुमने सीताजी को सचमुच पाया नहीं है। यदि पाया होता तो प्रयत्न करने की क्या आवश्यकता थी ? भले ही सीताजी को लंका में होने का भ्रम हो, परन्तु तुम भी अपने हृदय में यह स्पष्ट अनुभव करते हो कि भले ही सारे संसार के व्यक्ति धोखे से यह मान बैठे हों कि सीताजी लंका में हैं, परन्तु तुम यह अनुभव करते हो कि सीताजी लंका में नहीं हैं। वस्तुतः रावण ने अभी तक सीताजी को पाया नहीं। अंगद यही सत्य संसार को बताना चाहते हैं। हमें शान्ति पाने का भ्रम हो जाता है, वस्तुतः शान्ति मिली नहीं। अंगद का उद्देश्य यदि यह दिखाना होता कि मैं कितना बलवान हूं तो रावण जब पैर हटाने के लिए आया तो उसको भी हटाने देते और जब रावण भी पैर न हिला पाता, तब अंगद के बल की कीर्ति होती, जैसी बालि की हुई थी, बालि ने रावण को हरा दिया था। परन्तु पिता और पुत्र में बहुत बड़ा अन्तर था। दोनों बलवान हैं, दोनों में सद्गुण हैं, पर बालि में सद्गुणों के साथ-साथ अभिमान है और अंगद की विशेषता है कि सदगुण होते हुए भी अभिमान नहीं है। इसीलिए जब श्रीराम ने बालि से कहा कि तुम जीवित रहकर मेरी सेवा करो तो बालि ने कहा कि महाराज आपने तो पहले ही कह दिया कि मैं बड़ा अभिमानी हूँ और अभिमानी बढ़िया सेवा नहीं कर सकता। वेदान्तशास्त्र की मान्यता है कि 'अहं ब्रह्मास्मि' और भक्तिशास्त्र की मान्यता है 'दासोऽहम्'। या तो अहं को इतना बढ़ाएं कि उसको पूर्णता तक पहुँचा दें और ब्रह्म से एकाकार होकर जब ब्रह्म से अभिन्नता का अनुभव हो गया कि मैं ब्रह्म हूँ, तब अहं पूर्ण हो गया। केवल मैं ही नहीं, जो कुछ है सब ब्रह्म है। यही अहं का सर्वश्रेष्ठ और पवित्रतम रूप है, जिसमें हमारा अहंकार वस्तुजन्य, कालजन्य और पदार्थजन्य न हो करके, ब्रह्म से एकत्व के रूप में हो जाय।

बालि ने कहा कि प्रभु ! मुझ जैसे अभिमानी को यदि आप सेवक बनायेंगे तो मैं सेवा तो कर नहीं पाऊँगा, क्योंकि मुझमें अभिमान की प्रधानता है। **(क्रमशः)**





**पंडित कैलाशचंद्र शर्मा**
वैदिक सनातन संस्कृति के प्रचारक व सर्व सिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ के संस्थापक।
मो. नं. 9425980556

अपने विचार



महाराष्ट्र सरकार नई नीति लागू करने की योजना बना रही है, जिसके तहत लोगों को कार खरीदने से पहले पार्किंग की जगह बताना जरूरी होगा. ताकि शहरी क्षेत्रों में बढ़ती वाहन जाम की समस्या कम हो सके।

**-प्रताप सरनाईक**, परिवहन मंत्री



महाराष्ट्र न केवल राज्य में स्टार्ट-अप की संख्या में सबसे आगे है, बल्कि इसने अधिकतम निवेश भी आकर्षित किया है और सबसे अधिक मूल्यवान स्टार्ट-अप भी हैं।

**- देवेंद्र फडणवीस**, मुख्यमंत्री



मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के नेतृत्व में काम करते हुए मैं गारंटी देता हूं कि मुंबई में हर कोई सुरक्षित है। चोरी की घटना के कारण बॉलीवुड को खतरे में बताना गलत है।

**- योगेश कदम,** गृह राज्य मंत्री



राजा भैया ने कहा, 'यह बात सत्य है कि शास्त्रों से रक्षा नहीं हो सकती। संस्कृतियों की रक्षा के लिए शस्त्र जरूरी हैं। तक्षशिला खत्म नहीं होता। एक लुटेरे ने नालंदा को आग के हवाले कर दिया।

**-राजा भैया,नेता** , जनसत्ता दल

अपने विचार

डीबीडी कार्यालय

ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के. के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001

indiagroundreport@gmail.com

भेज सकते हैं।

यह अखबार "माध्यम कार्पोरेट सर्विसेज लि. " के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक अरुणलाल द्वारा ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के. के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001 से प्रकाशित एवं सोमानी प्रिंटिग प्रेस, गाला नं. 4, एन.के.इंडस्ट्रियल इस्टेट, इनसाइड प्रवासी इंडिस्ट्रयल इस्टेट गेट नं. 2, गोरेगांव पू., मुंबई-63 से मुद्रित। फोन नं. 022-66555719 ईमेल : indiagroundreport@gmail.com **कार्यकारी संपादक :** अमित बृज (पी.आर.बी. अधिनियम के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार)।

न्यूज़ ब्रीफ

### शहीदों की याद में राजकीय समारोह आयोजित

**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार शुक्रवार को पटना जिला के बख्तियारपुर पहुंचे। जहां उन्होंने स्वतंत्रता सेनानियों के सम्मान में आयोजित राजकीय समारोह में शहीदों को श्रद्धांजलि दी और माल्यार्पण किया। उन्होंने अमर शहीद स्वर्गीय डुमर सिंह, शहीद नाथुन सिंह यादव, स्वर्गीय मोगल सिंह, स्वर्गीय शीलभद्र याजी एवं अपने पिता स्वर्गीय कविराज रामलखन सिंह 'वैद्य' की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। कार्यक्रम का आयोजन बख्तियारपुर के विभिन्न स्थानों जैसे श्री गणेश उच्च विद्यालय परिसर, नया बाईपास पर राघोपुर तिराहा, प्रखंड कार्यालय एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में किया गया। जहां सीएम नीतीश कुमार ने अमर शहीदों की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया और अपनी श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर स्वतंत्रता सेनानी के परिजन भी मौजूद रहे।

### कुंभ मेला स्पेशल ट्रेन हुई रवाना, सात-सात फेरे चलेगी



**अशोकनगर।** यात्रियों की सुविधा हेतु महाकुम्भ मेला के अवसर पर अतिरिक्त यात्री भीड़ को देखते हुए से रेल प्रशासन द्वारा गाड़ी संख्या 09801/ 09802 सोगरिया-बनारस-सोगरिया के मध्य सात-सात ट्रिप स्पेशल ट्रेन का संचालन किया जा रहा है। कुम्भ मेला स्पेशल ट्रेन शुक्रवार को सोगरिया से गुना, अशोकनगर, मालखेड़ी होते हुए रवाना हुई। यह गाड़ी सप्ताह में दो दिन चलेगी। इस गाड़ी में 5 स्लीपर, 4 थर्ड एसी, 7 थर्ड एसी इकोनामी, 2 सेकेंड एसी, 2 सामान्य श्रेणी कोच, 1 एसएलआर एवं 1 जनरेटर कार सहित कुल 22 कोच होंगें। गाड़ी संख्या 09801/09802 सोगरिया-बनारस-सोगरिया के मध्य स्पेशल ट्रेन सोगरिया से मंगलवार एवं शुक्रवार को 17, 21, 24 जनवरी, 07, 14, 18 एवं 21 फरवरी,2025 को तथा बनारस से बुधवार एवं शनिवार 18, 22, 25 जनवरी, 08, 15, 19, एवं 22 फरवरी,2025 को चलेगी।

### नगरीय निकायों के पेंशनर्स के महंगाई राहत में वृद्धि

**रायपुर।** राज्य शासन ने नगरीय निकायों के पेंशनर्स और परिवार पेंशनर्स के महंगाई राहत में वृद्धि की है। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने सातवें वेतनमान के अनुसार पेंशन प्राप्त करने वालों की महंगाई राहत में चार प्रतिशत और छठवें वेतनमान के अनुसार पेंशन प्राप्त करने वाले पेंशनर्स के महंगाई राहत में नौ प्रतिशत की बढ़ोतरी की है। दोनों वेतनमानों के पेंशनर्स और परिवार पेंशनर्स को एक अक्टूबर 2024 से इस वृद्धि का लाभ दिया जाएगा। उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री अरुण साव के अनुमोदन के बाद आज शुक्रवार को विभाग ने मंत्रालय से इस संबंध में आदेश जारी कर दिए हैं।

# आईआईटी वाले बाबा अभय सिंह ने छोड़ा महाकुंभ

### मिलने वालों की लग रही थी भारी भीड़

**प्रयागराज।** प्रयागराज महाकुंभ श्री पंचदशनाम जूना अखाड़े में धूनी रमाने वाले आईआईटी बाबा ने महाकुंभ छोड़ दिया है। वह अज्ञात स्थान पर चले गए हैं। आश्रम के संतों को भी नहीं पता है कि वह कहां पर गए हैं। गुरुवार रात उन्हें तलाशते हुए उनके माता-पिता भी जूना अखाड़े के 16 मड़ी आश्रम पहुंचे, लेकिन तब तक वो जा चुके थे। आश्रम के संतों के अनुसार बाबा अभय सिंह लगातार मीडिया को इंटरव्यू दे रहे थे, जिससे उनका मानसिक तनाव बढ़ रहा था। उन्होंने मीडिया में कुछ ऐसी बातें भी कहीं, जो विवाद का कारण बन गईं। इसके चलते ही उन्होंने आश्रम को छोड़ने का फैसला लिया। उनका मोबाइल नंबर भी बंद चल रहा है। उनसे मिलने के लिए पहुंचने वाले श्रद्धालुओं और मीडिया कर्मियों को निराशा हाथ लग रही है।

### झज्जर के रहने वाले हैं आईआईटीयन बाबा



आईआईटीयन बाबा अभय सिंह हरियाणा के झज्जर के रहने वाले हैं। उनके पिता कर्ण सिंह एडवोकेट हैं। झज्जर बार एसोसिएशन के प्रधान भी रह चुके हैं। अभय ने आईआईटी बॉम्बे से एयरोस्पेस इंजीनियरिंग की है। इसके बाद कनाडा जाकर एरोप्लेन बनाने वाली कंपनी में काम किया। इसके बाद अचानक वह देश लौटे और कुछ समय बाद घर से गायब हो गए। महाकुंभ से जब उनकी वीडियो वायरल हुई तो परिवार को पता चला। हालांकि, अब वे इस बारे में ज्यादा बात नहीं करना चाहते।

### कौन हैं 'इंजीनियर बाबा'?

इंजीनियर बाबा के नाम से इंटरनेट पर वायरल हो रहे अभय सिंह भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, बॉम्बे (IIT-B) के पूर्व छात्र हैं। उन्होंने वहां से एयरोस्पेस इंजीनियरिंग में बीटेक किया है। अभय सिंह मूल रूप से हरियाणा से आते हैं। उन्होंने अपने अनोखे अंदाज से महाकुंभ में लोगों का ध्यान अपनी ओर खींचा है।जूना अखाड़े से जुड़े अभय सिंह चित्र और आरेखों की मदद से जटिल आध्यात्मिक अवधारणाओं को सरल तरीके से श्रद्धालुओं को समझाते हैं। बाबा अभय सिंह ने आईआईटी से 'भक्ति' की राह पर आने के अपने सफर के बारे में बात की।

उन्होंने बताया कि उनका जन्म हरियाणा के झज्जर में हुआ था। उन्होंने अपनी स्कूली शिक्षा वहीं की, इसके बाद वे जेई की तैयारी करने लगे। इसके बाद वे एयरोस्पेस इंजीनियरिंग के लिए मुंबई आईआईटी गए। जहां उनके जीवन ने अलग-अलग मोड़ लिए। उन्होंने बताया कि आईआईटी से जब में एयरोस्पेस इंजीनियरिंग कर रहा था तो मुझे लगता था कि यही सब कुछ है। बाद में जब मैं अध्यात्म की ओर अग्रसर हुआ तो अब मुझे लगता है कि असली साइंस यही है।

### यूपी पुलिस ने लांच की साइबर वेबसाइट, मिलेगी सुरक्षा



**लखनऊ।** यूपी की राजधानी लखनऊ में शुक्रवार को यूपी पुलिस की तरफ से साइबर वेबसाइट लांच की गई। यह डीजीपी यूपी प्रशांत कुमार के निर्देशन में तैयार की गई है। यह वेबसाइट एक महत्वपूर्ण ऑनलाइन प्लेटफार्म है, जो आम नागरिकों तथा पुलिस को ध्यान में रखते हुए डेवलप की गई है। यह साइबर सुरक्षा से संबंधित जानकारी, संसाधन तथा सेवाएं प्रदान करने हेतु तैयार की गई है।

## पाकिस्तानी महिला बनी सरकारी शिक्षक

### बरेली में नौ साल से कर रही थी नौकरी

### विभाग ने किया बर्खास्त, रिपोर्ट दर्ज

**बरेली।** पाकिस्तानी महिला ने फर्जी दस्तावेज से बेसिक शिक्षक की नौकरी हासिल कर ली। उसने बरेली के फतेहगंज पश्चिमी विकास खंड क्षेत्र में तैनाती भी पा ली। जांच में फर्जीवाड़ा साबित होने के बाद उसे अक्तूबर में निलंबित कर दिया गया था। विभाग ने अब उसकी सेवा समाप्त कर दी है। उसके खिलाफ विभागीय अधिकारियों ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। जल्द उसे गिरफ्तार भी किया जा सकता है। रामपुर शहर के बजरोही टोला में गली नंबर चार के मकान नंबर 20 की निवासी शुमायला खान पुत्री एसए खान पर यह कार्रवाई हुई है।

### पाकिस्तानी मूल की है महिला



बताया गया है कि शुमायला खान ने फर्जी दस्तावेज तैयार करके बेसिक शिक्षा विभाग में सहायक शिक्षक की नौकरी हासिल कर ली। फिलहाल वह यहां प्राथमिक विद्यालय माधौपुर में सहायक अध्यापक के पद पर कार्यरत थी। उसकी नागरिकता को लेकर शिकायत की गई थी। आरोप था कि वह पाकिस्तानी नागरिक है।




मिल्कीपुर उपचुनाव

## आखिरी दिन भाजपा प्रत्याशी ने एक सेट में फिर दाखिल किया नामांकन

**अयोध्या।** अयोध्या जिले की मिल्कीपुर विधानसभा क्षेत्र से नामांकन के आखिरी दिन शुक्रवार को भाजपा प्रत्याशी चंद्रभानु पासवान ने एक सेट में अपना नामांकन फिर दाखिल किया। नामांकन दाखिल करने के बाद भाजपा प्रत्याशी ने कहा कि मिल्कीपुर की जनता उन्हें लाखों वोटों से जिताएगी। समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी अजीत प्रसाद के आरोप कि लड़ाई बाहर और घरवाले की है पर कहा कि पिछले 10-12 साल से मैं और मेरा परिवार मिल्कीपुर की जनता की सेवा कर रहा है। उनके सुख-दुख में हम शामिल होते आए हैं। अब मिल्कीपुर की जनता को यह तय करना है कि कौन घर का है, कौन बाहर का है।

# किसानों को अब मिलेगी सस्ती बिजली और मुफ्त कनेक्शन

एजेंसी । पटना

बिहार सरकार ने राज्य के सभी किसानों के हित में एक बड़ी पहल करते हुए सिंचाई के लिए खेतों तक मुफ्त कृषि बिजली कनेक्शन देने की योजना शुरू की है। मुख्यमंत्री कृषि विद्युत संबंध योजना के तहत सरकार ने किसानों को उनके खेतों तक मुफ्त बिजली कनेक्शन देने की व्यवस्था की है। इस योजना का लाभ लेने के लिए इच्छुक किसान 28 फरवरी 2025 तक आवेदन कर सकते हैं।

### सितंबर 2026 तक 8 लाख से अधिक किसानों को कनेक्शन देने का लक्ष्य



राज्य में सिंचाई के लिए बिजली पहुंचाने के उद्देश्य से ऊर्जा विभाग ने कई बड़े कदम उठाए हैं। जिसमें चतुर्थ कृषि रोडमैप के तहत सितंबर 2026 तक राज्य के कुल 8 लाख 40 हजार किसानों को कृषि बिजली कनेक्शन देने का लक्ष्य है, जिसमें से अब तक 5 लाख 42 हजार कनेक्शन दिए जा चुके हैं।

### मुख्यमंत्री कृषि विद्युत योजना के मुख्य बिंदु

- ऊर्जा विभाग खेतों तक बिजली पहुंचाने के लिए बड़े पैमाने पर कृषि पावर सबस्टेशन का निर्माण कर रहा है।
- इस योजना के तहत किसानों को मुफ्त में बिजली कनेक्शन दिया जा रहा है। अगले तीन महीने के अंदर सभी इच्छुक किसानों को कृषि विद्युत कनेक्शन देने का लक्ष्य है।
- राज्य सरकार द्वारा निर्धारित कृषि विद्युत दर 6 ।74 रुपए प्रति यूनिट में से 6 ।19 रुपए प्रति यूनिट अनुदान के रूप में दी जा रही है। जिससे किसानों को मात्र 55 पैसे प्रति यूनिट की दर से बिजली मिलती है।
- योजना के तहत स्थानीय बिजली कार्यालय या ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है।

### पटना की स्पेशल कोर्ट में NIA ने दाखिल की चार्जशीट




**पटना।** हथियार बरामदगी मामले में नेएशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी (एनआईए) ने पटना की अदालत में चार्जशीट दाखिल कर दी है। केंद्रीय जांच एजेंसी ने इस चार्जशीट में प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा माओवादी के सदस्य राजेश कुमार सिन्हा उर्फ उदय जी उर्फ शैलेश श्रीवास्तव के बारे में बड़ा खुलासा किया है। राजेश कुमार सिन्हा पटना के रहने वाले हैं। एनआईए ने पटना स्थित एनआईए की विशेष अदालत में जो आरोप पत्र दायर किया है, उसमें कहा है कि राजेश कुमार सिन्हा उर्फ उदय जी उर्फ शैलेश श्रीवास्तव जेल से निकलने के बाद नक्सलियों को हथियार की सप्लाई कर रहा था।

## थानेदार का माफिया से सांठगांठ का खुलासा

### मोतिहारी एसपी ने की कार्रवाई

एजेंसी । मोतीहारी

बिहार के मोतिहारी जिले के एसपी स्वर्ण प्रभात ने अपराध और भ्रष्टाचार के खिलाफ अपनी सख्त नीति के तहत बंजरिया थानाध्यक्ष इंद्रजीत पासवान पर कड़ी कार्रवाई की है। गुरुवार, 16 जनवरी 2025 को उन्हें निलंबित कर दिया गया। उन पर शराब और ड्रग्स माफिया से सांठगांठ के गंभीर आरोप हैं। साथ ही उनकी संपत्ति की गहन जांच का आदेश भी दिया गया है।




### क्यों हुई यह कार्रवाई?

मामला इंद्रजीत पासवान के रामगढ़वा थानाध्यक्ष रहते हुए एक पुराने केस से जुड़ा है। उस दौरान उन्होंने दो बाइक सवार तीन व्यक्तियों को चरस के साथ गिरफ्तार किया था। कांड संख्या 277/23 के तहत मामला दर्ज कर तीनों को जेल भेज दिया गया। मामले की जांच पूरी कर केस डायरी अदालत में सौंप दी गई थी।

### पलटा पासवान का बयान

NDPS कोर्ट ने केस संख्या 10/24 में इंद्रजीत पासवान को अन्य गवाहों के साथ तलब किया था। कोर्ट में उन्हें चरस तस्कर की पहचान करनी थी, लेकिन उन्होंने पहचानने से इनकार कर दिया।




# एफआईआई की बिकवाली से शेयर बाजार धड़ाम

### सेंसेक्स में 423.49 अंकों की गिरावट

**मुंबई।** विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की ओर से पूंजी निकासी (बिकवाली) किए जाने और डोनाल्ड ट्रंप के शपथग्रहण से पहले वैश्विक अनिश्चितता के बीच शुक्रवार 17 जनवरी 2025 को घरेलू शेयर बाजार गिरावट के साथ बंद हुआ. कारोबार के आखिर में बंबई स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) का प्रमुख संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 423.49 अंक या 0.55% गिरकर 76,619.33 अंक पर पहुंच गया. नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी भी 108.60 अंक 0.47% टूटकर 23,203.20 अंक पर बंद हुआ।

### तीसरी तिमाही के नतीजों के बाद टूटा इन्फोसिस का शेयर



शेयर बाजार के कारोबार के आखिर में 30 शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स के 15 शेयर गिरकर और 15 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए. एनएसई में 50 शेयरों पर आधारित निफ्टी के 21 शेयर लाल निशान और 29 शेयर हरे निशान पर बंद हुए. तीसरी तिमाही के नतीजे आने के बाद शेयर बाजार के इन दोनों प्रमुख सूचकांकों में इन्फोसिस के शेयर को सबसे अधिक नुकसान हुआ. बीएसई सेंसेक्स में इसका शेयर 5.77% टूटकर 1815.10 रुपये प्रति शेयर और निफ्टी में 5.75% गिरकर 1817.50 रुपये प्रति शेयर पर पहुंच गया. हालांकि, बीएसई में जोमैटो का शेयर 2.79% उछलकर 248.75 रुपये प्रति शेयर और एनएसई में बीपीसीएल का शेयर 2.68% की बढ़त के साथ 274.05 रुपये प्रति शेयर पर बंद हुआ।

### एशिया के दूसरे बाजारों में मिलाजुला रुख

एशिया के दूसरे बाजारों में मिलाजुला रुख देखने को मिला. जापान के निक्केई 225 और दक्षिण कोरिया के कॉस्पी गिरावट के साथ बंद हुए, जबकि हांगकांग का हैंगसेंग और चीन के शंघाई कंपोजिट में बढ़त देखी गई. यूरोपीय शेयर बाजारों में सकारात्मक रुख बना है. अमेरिकी शेयर बाजार गुरुवार को बढ़त के साथ बंद हुए थे।

## ऑटोमोबाइल क्षेत्र में निवेश के जरिए आगे बढ़ने की बड़ी संभावनाएं: मोदी



एजेंसी । नई दिल्ली

भारत में ऑटोमोबाइल क्षेत्र के विकास यात्रा में युवाओं और मध्यवर्ग का अहम योगदान होगा। शुक्रवार को भारत मोबिलिटीग्लोबल एक्सपो-2025 के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत आने वाले कई दशकों तक सबसे युवा देश रहने वाला है। यही युवा सबसे बड़ा ग्राहक है। दूसरा,बीते 10 वर्षों में 25 करोड़ भारतीय गरीबी से बाहर निकले हैं। नया मध्यवर्ग अब अपना नया वाहन ले रहा है, जिसका लाभ ऑटो क्षेत्र को मिलेगा। इसलिए आने वाला समय भारत का है। आज देश में इलेक्ट्रिक वाहनों का बाजार तेजी से बढ़ रहा है। ऐसे में युवाओं को स्टार्टअप के जरिए आटोमोबाइल और एनर्जी स्टोरेज जैसे क्षेत्रों में आने का सही समय है। इस क्षेत्र में भारत के अंदर निवेश की बड़ी संभावनाएं हैं।

# अगले दो वित्त वर्षों में 6.7% रहेगी भारत की आर्थिक वृद्धि दर

### विश्व बैंक ने जताया अनुमान

**मुंबई।** विश्व बैंक के दक्षिण एशिया आर्थिक रिपोर्ट के अनुसार, भारत की आर्थिक वृद्धि दर अप्रैल 2025 से शुरू होने वाले दो वित्त वर्षों (2025-26 और 2026-27) में स्थिर रहकर 6.7% रहने का अनुमान है. यह स्थिरता भारतीय अर्थव्यवस्था की मजबूती और सरकार की विकास समर्थक पहलों को दर्शाती है।

### वित्त वर्ष 2024-25 के लिए अनुमानित वृद्धि दर




विश्व बैंक के अनुसार, वित्त वर्ष 2024-25 में भारत की वृद्धि दर घटकर 6.5% रहने की संभावना है. यह गिरावट मुख्य रूप से निवेश में धीमी गति और विनिर्माण क्षेत्र की कमजोर वृद्धि को दर्शाती है. हालांकि, इसके बाद अगले दो वित्त वर्षों में भारत की वृद्धि दर में स्थिरता आने की उम्मीद है।

### सेवा और विनिर्माण क्षेत्र को समर्थन

विश्व बैंक की रिपोर्ट में कहा गया है कि सेवा क्षेत्र के निरंतर विस्तार और विनिर्माण गतिविधियों में मजबूती से भारत की वृद्धि को बल मिलेगा. इसके अलावा, निवेश में वृद्धि के लिए कारोबारी माहौल में सुधार और सरकारी पहलों का सकारात्मक प्रभाव रहेगा. निजी निवेश में तेजी से सार्वजनिक निवेश में कमी की भरपाई होने की उम्मीद है।

### दक्षिण एशिया में सुधार

दक्षिण एशिया के लिए विश्व बैंक ने 2025-26 में 6.2% वृद्धि दर का अनुमान लगाया है, जिसमें भारत का मजबूत योगदान रहेगा. पाकिस्तान और श्रीलंका जैसे देशों में भी आर्थिक सुधार और बेहतर नीतियों के कारण इस क्षेत्र की औसत वृद्धि दर में सुधार होगा।

### आर्थिक नीतियों से स्थिर रहेगी वृद्धि दर

भारत की स्थिर वृद्धि दर देश की आर्थिक नीतियों की सफलता और वैश्विक चुनौतियों के बावजूद इसकी आर्थिक मजबूती को दर्शाती है. सेवा क्षेत्र का विस्तार, विनिर्माण गतिविधियों में सुधार और निवेश में तेजी जैसे कारक भारत को अगले दो वर्षों में दक्षिण एशिया का विकास इंजन बनाए रखने में मदद करेंगे।

## मारुति ने पहली इलेक्ट्रिक एसयूवी ई-विटारा की लांच

### 100 देशों में की जाएगी निर्यात




**नई दिल्ली।** मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड (एमएसआईएल) ने अपनी पहनी बैटरी इलेक्ट्रिक कार ई-विटारा शुक्रवार को लॉन्च की। कंपनी की योजना इसे 100 से ज्यादा देशों में निर्यात करने की है। ये कार फुल चार्ज पर 500 किलोमीटर से ज्यादा चलेगी। भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो 2025 में मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड ने अपनी पहली इलेक्ट्रिक कार ई-विटारा को प्रदर्शित किया। नई दिल्ली में आयोजित वाहन प्रदर्शनी में इसे लॉन्च करने के बाद सुजुकी मोटर कॉरपोरेशन के प्रतिनिधि निदेशक एवं अध्यक्ष तोशीहिरो सुजुकी ने कहा कि इलेक्ट्रिक एसयूवी को यूरोप और जापान सहित विभिन्न क्षेत्रों में निर्यात किया जाएगा।

## डेंटा वाटर एंड इंफ्रा सॉल्यूशंस का आईपीओ 22 जनवरी को खुलेगा

**मुंबई/नई दिल्ली।** जल एवं अवसंरचना समाधान कंपनी डेंटा वाटर एंड इंफ्रा सॉल्यूशंस लिमिटेड का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) निवेशकों के लिए 22 जनवरी, 2025 को खुलेगा। कंपनी ने इसके लिए मूल्य का दायरा (प्राइस बैंड) 279-294 रुपये प्रति शेयर तय किया है। इसके शेयर बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) और नेशनल स्टॉक




एक्सचेंज एनएसई पर 29 जनवरी को लिस्ट होगा। कंपनी ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि डेंटा वाटर एंड इंफ्रा सॉल्यूशंस लिमिटेड का आईपीओ 22 जनवरी को सब्सिक्रिप्शन के लिए खुलेगा और 24 जनवरी, 2025 को बंद होगा। एंकर निवेशक इसमें 21 जनवरी को दांव लगा पाएंगे। डेंटा वाटर एंड इंफ्रा सॉल्यूशंस ने कहा कि 10 रुपये अंकित मूल्य वाले इस इश्यू में निवेशक न्यूनतम 50 इक्विटी शेयरों और उसके बाद 50 इक्विटी शेयरों के गुणकों में बोली लगा सकते हैं।

## न्यूज़ ब्रीफ



### पाकिस्तान को पांच विकेट से हराकर भारत फाइनल में

**एजेंसी । नई दिल्ली**

भारत ने पाकिस्तान को पांच विकेट से हराकर श्रीलंका में चल रही दिव्यांग चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में प्रवेश कर लिया। लगातार चार जीत के साथ भारत अंकतालिका में शीर्ष पर है। पाकिस्तान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए सैफुल्लाह (58) के अर्धशतक से पांच विकेट पर 138 रन बनाए। भारत के लिए जितेंद्र वीएन ने तीन जबकि नरेंद्र मंगौर और सन्नी ने एक-एक विकेट मिला। भारतीय टीम ने लक्ष्य 18 ओवर में पांच विकेट पर 141 रन बनाकर हासिल कर लिया। राजेश कुमार ने 52 गेंद में दस चौकों और एक छक्के की मदद से नाबाद 74 रन की तूफानी पारी खेली। भारत को अब शनिवार को इंग्लैंड से खेलना है।



### शारजाह में दौड़ेगा सिरमौर का पैरा एथलीट वीरेंद्र सिंह

**एजेंसी । नाहन**

सिरमौर जिला के संगड़ाह मंडल के लगणू गांव निवासी वीरेंद्र सिंह का चयन शारजाह दुबई में होने वाली ओपन पैरा एथेलेटिक्स मीट के लिए हुआ है। यह प्रतियोगिता 30 जनवरी से 6 फरवरी तक आयोजित की जाएगी। वीरेंद्र सिंह आयुष विभाग में फार्मेसी अधिकारी के पद पर बोग धार में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। वीरेंद्र शारजाह में 1500 से 3000 मीटर दौड़ में भाग लेंगे। उनके चयन से क्षेत्र में प्रसन्नता की लहर दौड़ गयी है।

### निक पोथास ने बांग्लादेश के सहायक कोच पद से दिया इस्तीफा

**एजेंसी । नई दिल्ली**

बांग्लादेश के सहायक कोच निक पोथास ने पारिवारिक कारणों का हवाला देते हुए अपने पद से इस्तीफ़ा दे दिया है। 2023 में बांग्लादेश के कोचिंग स्टाफ़ में शामिल होने वाले पोथास को शुरू में मार्च 2026 तक काम करने के लिए अनुबंधित किया गया था। हालाँकि, पूर्व दक्षिण अफ़्रीकी बल्लेबाज ने आगामी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 से पहले पद छोड़ने का फैसला किया। पोथास ने अपने फेसबुक पेज पर एक पोस्ट कर अपने इस्तीफे की घोषणा की।

# जोकोविच 17वीं बार अंतिम-16 में

- सांस लेने में दिक्कत होने के बावजूद नोवाक ने तीसरे दौर में टॉमस को पराजित किया
- अल्काराज और ज्वेरेव ने भी चौथे दौर में जगह बनाई



**एजेंसी । मेलबर्न**

नोवाक जोकोविच ने एक बार फिर साबित कर दिया कि क्यों उन्हें मेलबर्न का किंग कहा जाता है। खेल के दौरान सांस लेने में दिक्कत हुई तो कोच से मदद ली। एक दर्शक ने शोर मचाया तो उससे बातचीत कर उसे शांत किया। फिर जब टॉमस माचाक के खिलाफ कोर्ट पर उतरे तो उसे आसानी से 6-1, 6-4, 6-4 सेमात देकर रिकॉर्ड 17 बार अंतिम-16 में प्रवेश कर लिया। यह मुकाबला दो घंटे 22 मिनट तक चला।

### जोकोविच का सामना अब चेक गणराज्य के जिरी से होगा

रिकॉर्ड 11वें खिताब के लिए चुनौती पेश कर रहे 37 वर्षीय जोकोविच का सामना अब चेक गणराज्य के जिरी से होगा जिन्होंने फ्रांस के बेंजामिन बोंजी को 6-2, 6-3, 6-3 से हराया। दूसरे नंबर के अलेक्जेंडर ज्वेरेव और तीसरी वरीयता प्राप्त कार्लोस अल्काराज ने भी चौथे दौर का टिकट कटा लिया। अल्काराज ने नुनो बोर्जेस को 6-2, 6-4, 6-7, 6-2 से हराया। ज्वेरेव ने जैकब फीयर्नली को मात दी। अमेरिका के टॉमी पॉल ने रॉबर्टो कारबालेस बाएना को 7-6,6-2, 6-0 से हराया। उगो हुबर्ट भी ऑर्थर फिल्स के वॉकओवर देने के बाद आगे बढ़ गए। फिल्स जब मुकाबले से हटे तब उगो 4-6,7-5, 6-4, 1-0 से आगे चल रहे थे।

### नंबर गेम

- 66वीं बार किसी ग्रैंड स्लैम के प्री क्वार्टर फाइनल में पहुंचे जो ओपन युग में फेडरर (69) के बाद दूसरे सर्वाधिक हैं
- 97वीं जीत है यह जोकोविच की मेलबर्न में 106 मुकाबलों में। यहां सिर्फ नौ मैच उन्होंने हारे हैं
- 1988 के बाद 37 साल की उससे अधिक उम्र में अंतिम-16 में पहुंचने वाले दूसरे उम्रदराज खिलाड़ी हैं

### सबालेंका की लगातार 17वीं जीत

खिताबी हैट्रिक लगाने की ओर बढ़ रही बेलारूस की आर्यना सबालेंका ने क्लारा टाउसन को 7-6,6-4 से हराकर प्री क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी सबालेंका की यह मेलबर्न पार्क में लगातार 17वीं जीत है। वहीं इस सत्र लगातार आठवीं जीत है। दस दिन पहले ब्रिस्बेन इंटरनेशनल जीतने वाली सबालेंका का सामना अब मिरा अंद्रीवा से होगा जिन्होंने मेगडालिना फ्रेच को 6-2, 1-6, 6-2 से हराया। अमेरिका की कोको गॉफ ने लैला फर्नांडिज को 6-4, 6-2 से और अनास्तासिया पेवलियुचेंकोवा ने लौरा सीजमंड को 6-1, 6-2 से मात दी। पाउला बाडोसा ने मार्तो कोस्तियुक को 6-4,4-6,6-3 से डोन्ना वेकिच ने डियाना स्नाइडेर को 7-6,6-3,7-5 से हराया।

## ऑस्ट्रेलियन ओपन 2025

# चोट के कारण नाओमी ओसाका का सफर तीसरे दौर में समाप्त

**एजेंसी । मेलबर्न**



जापानी टेनिस स्टार और पूर्व विश्व नंबर 1 नाओमी ओसाका का ऑस्ट्रेलियन ओपन 2025 का सफर शुक्रवार को तीसरे दौर में समाप्त हो गया। स्विट्जरलैंड की बेलिंडा बेनसिक के खिलाफ मुकाबले में अस्वस्थ होने के कारण ओसाका को मैच से रिटायर होना पड़ा।

### पहला सेट : संघर्षपूर्ण प्रदर्शन

मैच का पहला सेट बेहद प्रतिस्पर्धी रहा, जिसमें ओसाका ने 6-5 की बढ़त के दौरान मेडिकल टाइमआउट लिया। पेट में असुविधा के चलते उन्होंने ट्रेनर से उपचार करवाया। हालांकि, सेट का निर्णय टाईब्रेक में हुआ, जिसमें बेनसिक ने 7-3 से जीत दर्ज की। पहले सेट के बाद ओसाका ने अस्वस्थता के चलते मैच से हटने का निर्णय लिया। उन्होंने बेनसिक से हाथ मिलाया और कोर्ट से बाहर चली गईं।

### बेनसिक का सफर जारी

स्विट्जरलैंड की बेलिंडा बेनसिक, जिन्होंने शानदार फॉर्म दिखाते हुए पहला सेट जीता, अब चौथे दौर में पहुंच गई हैं। वह टूर्नामेंट में आगे मजबूत दावेदार के रूप में देखी जा रही हैं। ओसाका की चोट उनके आगामी सीज़न के लिए एक बड़ी चुनौती हो सकती है। हालांकि, उनके पिछले प्रदर्शन और दृढ़ संकल्प को देखते हुए, प्रशंसक उनकी मजबूत वापसी की उम्मीद कर रहे हैं।



### ओसाका का प्रदर्शन और वापसी की कहानी

यह 2022 के बाद पहली बार था जब ओसाका ने किसी ग्रैंड स्लैम में तीसरे दौर तक का सफर तय किया। हाल के वर्षों में उन्होंने मानसिक स्वास्थ्य और गर्भावस्था के कारण खेल से ब्रेक लिया था। जुलाई 2023 में उनकी बेटी शाई का जन्म हुआ, जिसके बाद उन्होंने 2024 में वापसी की। सीज़न की शुरुआत में ओसाका ने मजबूत प्रदर्शन किया और 5 जनवरी को ऑकलैंड, न्यूजीलैंड में आयोजित एक टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचीं। हालांकि, पेट की चोट के कारण वह फाइनल मुकाबले में भी रिटायर होने के लिए मजबूर हो गई थीं।

# चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारतीय टीम का ऐलान आज

- शमी की वापसी संभव, सूर्या-शार्दूल बाहर हो सकते हैं



**डीबीडी संवाददाता । मुंबई**

चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारतीय टीम का ऐलान शनिवार, 18 जनवरी को होगा। मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में चीफ सिलेक्टर अजित अगरकर और कप्तान रोहित शर्मा दोपहर 12:30 बजे टीम का ऐलान करेंगे। यह जानकारी BCCI ने दी है। बोर्ड ने शुक्रवार को इस संबंध में मीडिया को इनवाइट किया है। चैंपियंस ट्रॉफी का आयोजन 19 फरवरी से 9 मार्च के बीच पाकिस्तान और यूएई के चार वेन्यू पर होना है। इनमें लाहौर, कराची, रावलपिंडी और दुबई शामिल हैं। भारतीय टीम के सभी मुकाबले दुबई में खेले जाएंगे। भारतीय टीम में 2023 वनडे वर्ल्ड कप खेलने वाले 11 खिलाड़ियों का चुना जाना तय है। सूर्यकुमार यादव, ईशान किशन, शार्दूल ठाकुर और रविचंद्रन अश्विन इस टीम से बाहर हो सकते हैं। अश्विन रिटायर हो चुके हैं, वहीं शार्दूल को गौतम गंभीर के कोच बनने के बाद से टीम में नहीं चुना गया। दूसरी ओर, सूर्या और ईशान खराब फॉर्म और व्यवहार के कारण वनडे टीम से अपना पत्ता कटवा चुके हैं। ऐसे में टीम मैनेजमेंट को इन खिलाड़ियों के रिप्लेसमेंट तलाशने होंगे। बताया जा जा रहा है कि BCCI को तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की फिटनेस रिपोर्ट आने का इंतजार है। रिपोर्ट्स के अनुसार बुमराह ग्रुप स्टेज नहीं खेल सकेंगे। मोहम्मद शमी ने इंजरी से उबरने के बाद अब तक इंटरनेशनल मैच नहीं खेला है, वहीं कुलदीप यादव ने भी पिछले दिनों सर्जरी कराई थी। तीनों ही प्लेयर्स का सिलेक्शन मैनेजमेंट के लिए सिरदर्द बना हुआ है।

# ऑस्ट्रेलियन ओपन-बोपन्ना की जोड़ी मिक्स्ड डबल्स के दूसरे राउंड में

- अल्कराज ने पुर्तगाल के नूनो बोर्गेस को हराया, ज्वेरेव सीधे सेटों में जीते

**एजेंसी । नई दिल्ली**



भारत के रोहन बोपन्ना और उनकी चीनी जोड़ीदार शुआई झांग शुक्रवार को ऑस्ट्रेलियन ओपन के मिक्स्ड डबल्स के दूसरे राउंड में पहुंच गए। 4 बार के ग्रैंडस्लैम चैंपियन कार्लोस अल्काराज भी जीत के साथ मेंस सिंग्ल्स के चौथे दौर में पहुंच गए हैं। स्पेन के तीसरे सीड खिलाड़ी अल्काराज ने पुर्तगाल के नूनो बोर्गेस को कड़े मुकाबले में 6-2, 6-4, 6-7, 6-2 से हराया। वहीं, जर्मनी के एलेक्जेंडर ज्वेरेव ने तीसरे दौर में सीधे सेटों में जीत दर्ज की।

### बोपन्ना की जोड़ी सीधे सेटों में जीती

भारतीय स्टार रोहन बोपन्ना और उनकी चीनी जोड़ीदार शुआई झांग ने मेलबर्न में इवान डोडिग और क्रिस्टीना म्लादेनोविच पर 6-4, 6-4 से जीत दर्ज की। यह मुकाबला एक घंटे 12 मिनट तक चला। वहीं, बोपन्ना मेंस डबल्स के पहले राउंड में ही हार कर बाहर हो गए थे। दूसरे सीड एलेक्जेंडर ज्वेरेव ने शुक्रवार को तीसरे दौर में ब्रिटेन के जैकब फर्नली को सीधे सेटों में हरा दिया। इसके साथ वे चौथे राउंड में पहुंच गए। 27 साल के जर्मन खिलाड़ी ने मार्गरेट कोर्ट एरिना में जैकब को 2 घंटे 2 मिनट तक चले मुकाबले में 6-3, 6-4, 6-4 से हराया।

### ऑस्ट्रेलियन ओपन का इतिहास

ऑस्ट्रेलियन ओपन साल का पहला ग्रैंड स्लैम होता है। लॉन टेनिस एसोसिएशन ऑफ ऑस्ट्रेलिया ने इस टूर्नामेंट को 1905 में शुरू किया था, जिसे पहले ऑस्ट्रेलियन चैंपियनशिप कहा जाता था। बाद में लॉन टेनिस एसोसिएशन ऑफ ऑस्ट्रेलिया टेनिस ऑस्ट्रेलिया बन गया। इसके बाद ऑस्ट्रेलियन चैंपियनशिप को ऑस्ट्रेलियन ओपन नाम दे दिया गया। 1969 से इस टेनिस टूर्नामेंट को आधिकारिक तौर पर ऑस्ट्रेलियन ओपन के नाम से जाना जाने लगा।

### साल का पहला ग्रैंड स्लैम है

टेनिस में 4 ग्रैंड स्लैम होते हैं। चारों हर साल आयोजित होते हैं, इसकी शुरुआत जनवरी में ऑस्ट्रेलियन ओपन से होती है। मई और जून में फ्रेंच ओपन होता है। जुलाई में विम्बलडन और अगस्त-सितंबर में US ओपन होता है। US ओपन साल का आखिरी ग्रैंड स्लैम होता है।

# साकिब महमूद को इंग्लैंड के भारत दौरे के लिए वीजा मिला

**एजेंसी । नई दिल्ली**

इंग्लैंड के तेज गेंदबाज साकिब महमूद को भारत में आगामी सीमित ओवरों की श्रृंखला के लिए आखिरकार वीजा मिल गया है। वीजा प्रक्रिया में देरी के चलते महमूद इंग्लैंड के अबू धाबी प्रशिक्षण शिविर में शामिल नहीं हो सके थे, लेकिन अब वह बुधवार को कोलकाता में होने वाले पहले टी20 मुकाबले से पहले टीम के साथ जुड़ने के लिए तैयार हैं। पाकिस्तानी मूल के महमूद पहले भी ऐसी ही समस्याओं का सामना



कर चुके हैं। 2019 में भारत दौरे के दौरान भी उन्हें वीजा प्रक्रिया में देरी का सामना करना पड़ा था। हाल ही में, 2024 में इंग्लैंड के स्पिनर शोएब बशीर को भी धीमी वीजा प्रक्रिया के कारण हैदराबाद में भारत के खिलाफ पहला टेस्ट मैच चूकना पड़ा था।

### टीम में शामिल होने की तैयारी

महमूद को इंग्लैंड के अबू धाबी प्रशिक्षण शिविर में शामिल होना था, जहां तेज गेंदबाजी सलाहकार जेम्स एंडरसन के नेतृत्व में एक विशेष शिविर आयोजित किया गया था। इस शिविर में जोफ्रा आर्चर, गस एटकिंसन, ब्रायडन कार्स और मार्क वुड जैसे दिग्गज गेंदबाज भी शामिल थे। हालांकि, वीजा की देरी के कारण महमूद इस अभ्यास सत्र का हिस्सा नहीं बन सके।

# शूटर मनु-चेस वर्ल्ड चैंपियन गुकेश समेत 4 को खेल रत्न

**एजेंसी । नई दिल्ली**

खेल मंत्रालय द्वारा राष्ट्रीय खेल पुरस्कार 2024 का वितरण राष्ट्रपति भवन में शुक्रवार को हुआ। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने विजेताओं को सम्मानित किया। मुर्मू ने सबसे पहले भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश को मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया। उनके अलावा, ओलिंपिक में डबल मेडल जीतने वालीं शूटर मनु भाकर, हॉकी टीम के कप्तान



हरमनप्रीत सिंह और पैरा एथलीट प्रवीण कुमार को मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया गया। पेरिस पैरालिंपिक्स में जेवलिन का गोल्ड जीतने वाले नवदीप समेत 34 खिलाड़ियों को अर्जुन अवॉर्ड दिया गया।

# 'देवा' में छा गए शाहिद कपूर

आने वाले दिनों में कई फिल्में दर्शकों के बीच आने वाली हैं, जिनका इंतजार बेसब्री से किया जा रहा है। इन्हीं में से एक है 'देवा', जिसके हीरो हैं शाहिद कपूर। इस फिल्म से अब तक शाहिद के जितने भी पोस्टर सामने आए हैं, वो दर्शकों को बेहद पसंद आए हैं, वहीं इसके टीजर ने भी खूब धमाल मचाया था। अब देवा का ट्रेलर दर्शकों के बीच आ गया है।



### दिल जीतने को तैयार शाहिद

'देवा' के ट्रेलर में एंग्री यंगमैन वाला शाहिद का अवतार ध्यान खींच रहा है। उनका यह खतरनाक अवतार आपने पहले कभी नहीं देखा होगा। इसमें जहां शाहिद अपने धुआंदार एक्शन से गर्दा उड़ा रहे हैं, वहीं उनका स्वैग भी देखने लायक है। ट्रेलर देख लगता है कि फिल्म में खूब ड्रामा भी देखने को मिलने वाला है। दिल दहला देने वाले अवतार के साथ शाहिद दिल जीत लेते हैं। उनके धमाकेदार डांस ने ट्रेलर में और जान डाल दी है। फिल्म का ट्रेलर देख एक यूजर ने सोशल मीडिया पर लिखा, 'तबाही मचाएगा, जब देवा आएगा।' एक लिखते हैं, 'भाई इसके लिए तो हाउसफुल हो जाना चाहिए।' शाहिद की एक फैन लिखती हैं, 'हैरानी होती है कि कोई इतना हुनरमंद कैसे हो सकता है। बेस्ट एक्टर, बेस्ट डांसर, बेस्ट एक्शन हीरो और सबसे स्मार्ट हीरो।' कुछ लोगों को ट्रेलर देख शाहिद की फिल्म 'कबीर सिंह' की याद आ गई।

# रिलोडिड वर्जन के साथ 'पुष्पा 2' का भौकाल

फिल्म पुष्पा 2 का रीलोडेड वर्जन 20 मिनट की अतिरिक्त फुटेज के साथ आज सिनेमाघरों तक पहुंच गया है। इसके बाद सोशल मीडिया पर एक बार फिर पुष्पा 2 की चर्चा छिड़ गई है। नए फुटेज के साथ फिल्म की जबर्दस्त चर्चा हो रही है और इन्हें देखने को बाद सिनेमाघरों में सीटी और तालियां भी खूब बज रही हैं।



### अल्लू अर्जुन ने किया एक्स पर पोस्ट

फिल्म का रिलोडेड वर्जन रिलीज होने के बाद अल्लू अर्जुन ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर पोस्ट साझा किया। इसमें लिखा है, 'आज से आपके लिए 'पुष्पा 2 रिलोडेड वर्जन' लेकर आया हूं। उम्मीद है कि आप सभी को इससे मनोरंजन का एक नया अनुभव होगा'। दर्शकों को जोड़े गए नए सीन काफी पसंद आ रहे हैं। सोशल मीडिया पर उनकी प्रतिक्रिया से तो कुछ यही लग रहा है

### पुष्पराज को वापस मिली सोने की चेन

यूं तो फिल्म में जोड़े गए सारे ही सीन पर सकारात्मक प्रतिक्रिया मिल रही है। लेकिन, सबसे ज्यादा तारीफें हो रही हैं सोने की चेन वाले सीन पर। पुष्पराज को अपनी सोने की वह चेन वापस मिल गई है, जो उससे बचपन में छीन ली गई थी। इस सीन में भावनाओं को बहुत करीने से गूंथा गया है, जिसे देख दर्शक नॉस्टैल्जिक हो रहे हैं। रिलोडेड वर्जन को दर्शक 'परफेक्ट सिनेमा' की उपमा दे रहे हैं।

# बॉलीवुड सिंगर्स ने पेश किया 'बूम बॉक्स सीजन 3'




पिछले दो संस्करणों की शानदार सफलता के बाद, अनुभवात्मक संगीत समारोह, बूमबॉक्स दर्शकों के बीच वापस वापस लेकर आ रहा है, जो संगीत की विविध शैलियों- बॉलीवुड और हिप-हॉप- के साथ जश्न मनाता है। नई धुनें और वास्तविक संगीत बनाते हुए, इस साल की म्यूजिक सीरीज में प्रख्यात कलाकारों की लिस्ट में शामिल हैं सिंगर अरमान मलिक, सिंगर और म्यूजिक कंपोजर अमित त्रिवेदी, नीति मोहन, निकिता गांधी, रफ्तार, इक्का और डीजे योगी। 14 जनवरी, 2025 को मुंबई में एक विशेष मीडिया ब्रीफिंग में अपने आगामी लाइनअप का प्रदर्शन करते हुए बताया गया कि इस वर्ष के नए म्यूजिक एल्बम में विभिन्न शैली के गीतों को लॉन्च किया जा रहा है। इसे सीग्राम रॉयल स्टैग द्वारा प्रस्तुत किया जा रहा है। म्यूजिक डायरेक्टर और सिंगर अमित त्रिवेदी ने अपने विचार साझा करते हुए कहा, 'रॉयल स्टैग बूमबॉक्स संगीत का एक खूबसूरत समारोह है- जहां रॉ, वास्तविक और सीधे दिल से संगीत निकलता है। मेरे लिए, यह धुनों के माध्यम से कहानियों को शेयर करने का अवसर है। मैं इस मंच का हिस्सा बनने के लिए अपने आप को गौरवशाली महसूस कर रहा हूं और दर्शकों के साथ मिलकर कुछ यादगार पल बनाने का इंतजार अब और नहीं कर सकता।' हाल ही में शादी के बंधन में बंधे सिंगर-गीतकार अरमान मलिक ने कहा, 'संगीत हमेशा लोगों से जुड़ने का मेरा जरिया रहा है। मैं पूरे भारत के कई शहरों में प्रदर्शन करने जा रहा हूं।'

# दिल्ली में फिलहाल लागू नहीं होगी आयुष्मान योजना

**एजेंसी । नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को दिल्ली हाईकोर्ट के उस आदेश पर रोक लगा दी है, जिसमें आम आदमी पार्टी सरकार को आयुष्मान भारत मिशन लागू करने के लिए 5 जनवरी तक केंद्र के साथ MoU साइन करने कहा गया था। जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस एजी मसीह की बेंच ने दिल्ली सरकार की याचिका पर केंद्र सरकार को नोटिस भेजकर जवाब मांगा है।

24 दिसंबर को दिल्ली हाईकोर्ट ने कहा था कि दिल्ली के लोगों को सुविधाओं से वंचित नहीं किया जाना चाहिए। इसलिए योजना को पूरी तरह से लागू करना होगा। दिल्ली सरकार ने इसके खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी। दिल्ली सरकार राज्य में आयुष्मान भारत योजना लागू करने को लेकर केंद्र के साथ टकराव में रहा है। केंद्र सरकार इसे 33 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में लागू कर चुकी है। सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद दिल्ली के पूर्व CM अरविंद केजरीवाल ने कहा कि आयुष्मान भारत योजना देश का सबसे बड़ा घोटाला है। मुझे खुशी है कि सुप्रीम कोर्ट ने इसकी पुष्टि कर दी है।

- सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली हाईकोर्ट के फैसले पर रोक लगाई
- केजरीवाल बोले- यह देश का सबसे बड़ा घोटाला



### याचिका में दावा– दिल्ली में पहले से 529 मोहल्ला क्लीनिक

दिल्ली सरकार की तरफ से अधिवक्ता तल्हा अब्दुल रहमान ने याचिका लगाई थी। याचिका में कहा गया था कि आयुष्मान योजना देश के उन क्षेत्रों के लिए ठीक है जहां सामुदायिक और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हैं। दिल्ली में पहले से 529 आम आदमी मोहल्ला क्लीनिक चल रहे हैं। याचिका में दावा किया गया कि दिल्ली सरकार ने पहले ही मोहल्ला क्लीनिक, क्रिटिकल केयर सेवाओं (ICU बेड) और डायग्नोस्टिक सेवाओं को बढ़ाने के लिए आयुष्मान योजना के तहत मिलने वाले फंड का उपयोग करने पर सहमति दे दी है। हाईकोर्ट ने इस बात को भी नजरअंदाज किया है।

### सुप्रीम कोर्ट में दिल्ली सरकार की दलील

दिल्ली सरकार के वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने सुनवाई के दौरान कोर्ट में पूछा कि हाईकोर्ट दिल्ली सरकार को केंद्र के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने के लिए कैसे मजबूर कर सकता है। उन्होंने दलील दी कि अगर MoU साइन हो जाता है तो भारत सरकार पूंजीगत व्यय का 60% और दिल्ली सरकार 40% वहन करेगी, लेकिन केंद्र को 0% चालू व्यय वहन करना होगा। सिंघवी ने दावा किया कि दिल्ली सरकार की अपनी योजना की पहुंच और कवरेज बहुत बड़ी है।

**दिल्ली चुनाव**

# भाजपा का संकल्प पत्र जारी

**घरेलू गैस सिलेंडर पर 500 सब्सिडी, होली-दिवाली पर एक-एक सिलेंडर मुफ्त**



**एजेंसी । नई दिल्ली**

भाजपा ने शुक्रवार को दिल्ली चुनाव के लिए पार्टी का संकल्प पत्र जारी किया। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने संकल्प पत्र को 'विकसित दिल्ली की नींव' बताया।

### महिलाओं को हर महीने 2500 रुपए

उन्होंने दिल्ली में महिलाओं को हर महीने 2500 रुपए, गरीब महिलाओं को सिलेंडर पर 500 रुपए की सब्सिडी देने का वादा किया। होली–दीवाली पर एक–एक मुफ्त सिलेंडर देने का भी ऐलान किया। उन्होंने कहा कि मातृ सुरक्षा वंदना योजना के तहत गर्भवती महिलाओं को 21,000 रुपए दिए जाएंगे और 6 पोषण किट भी दी जाएंगी। दिल्ली में बिजली, बस और पानी को लेकर मौजूदा सरकार की जो योजनाएं चल रही हैं, वह जारी रहेंगी। नड्डा ने बताया कि 60–70 साल के बुजुर्गों के मिलने वाली पेंशन 2000 से बढ़ाकर 2500 की जाएगी। विधवा, दिव्यांगों और 70 साल से ऊपर के बुजुर्गों को 3000 रुपए पेंशन मिलेगी। दिल्ली की झुग्गी–झोपड़ियों में अटल कैंटीन योजना के तहत गरीबों को 5 रुपए में पौष्टिक भोजन की व्यवस्था की जाएगी।

## न्यूज़ ब्रीफ

### फारूक अब्दुल्ला के काफिले की कार का एक्सीडेंट

**दौसा।** राजस्थान के दौसा में जम्मू-कश्मीर के पूर्व CM फारूक अब्दुल्ला की कार का एक्सीडेंट हो गया। हादसा शुक्रवार दोपहर 1.45 बजे के आस-पास दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस वे पर हुआ। सूत्रों के मुताबिक एक नीलगाय अचानक काफिले की कार के सामने आ गई। इससे एस्कॉर्ट कर रही दिल्ली पुलिस की कार क्षतिग्रस्त हो गई। टक्कर के कारण कार के सामने के दोनों एयरबैग खुल गए। फारूक अब्दुल्ला सुरक्षित हैं।

### PFI के पूर्व चीफ अबूबकर को जमानत देने से कोर्ट ने किया मना

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को UAPA मामले में पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (PFI) के पूर्व चीफ ई. अबूबकर को जमानत देने से इनकार कर दिया। अबूबकर ने मेडिकल ग्राउंड पर जमानत देने की मांग की थी। दरअसल, अबुबकर ने जमानत की मांग करते हुए कहा कि उसे पार्किंसंस कैंसर है, जिसके इलाज के लिए उसे जमानत दी जानी चाहिए। हालांकि कोर्ट ने उसका ये आधार नहीं माना और जमानत याचिका खारिज कर दी। बता दें कि राष्ट्रीय जांच एजेंसी (NIA) ने अबूबकर को 2022 में UAPA के तहत गिरफ्तार किया गया था।

### विजय की पार्टी टीवीके ने भी किया इरोड उपचुनाव के बहिष्कार का एलान

**चेन्नई।** दक्षिण फिल्मों के अभिनेता विजय की राजनीतिक पार्टी तमिलगा वेत्री कषगम (टीवीके) ने भी इरोड पूर्व विधानसभा उपचुनाव का बहिष्कार करने का एलान किया है। इससे पहले एआईएडीएमके और डीएमडीके उपचुनाव का बहिष्कार करने की घोषणा कर चुकी है। टीवीके के महासचिव एन आनंद ने कहा कि इतिहास रहा है कि तमिलनाडु में आमतौर पर सत्तारूढ़ सरकार लोकतांत्रिक सिद्धांतों का पालन किए बिना उपचुनाव जीतने के लिए पूरी ताकत का इस्तेमाल करती है। इसलिए टीवीके विक्रवंडी उपचुनाव की तरह इरोड (पूर्व) उपचुनाव का बहिष्कार करेगी। उन्होंने यह भी कहा कि टीवीके चुनाव में अपना समर्थन नहीं देगी।

### संसद के बजट सत्र का पहला भाग 31 जनवरी से 13 फरवरी के बीच होने की संभावना

**नई दिल्ली।** संसद के बजट सत्र का पहला भाग 31 जनवरी से 13 फरवरी के बीच होने की संभावना है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 1 फरवरी को लगातार आठवां बजट पेश कर सकती है। परंपरा के अनुसार सत्र की शुरुआत 31 जनवरी को लोकसभा और राज्यसभा की संयुक्त बैठक में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के संबोधन से होगी। इसके बाद इकोनॉमिक सर्वे पेश किया जाएगा। सूत्रों के मुताबिक सत्र का दूसरा भाग 10 मार्च से 4 अप्रैल के बीच बुलाया जा सकता है। सत्र के पहले भाग में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर दोनों सदनों में बहस होगी और संसद के दोनों सदनों में प्रधानमंत्री के जवाब के साथ सत्र का समापन होगा।

# तमिलनाडु में जल्लीकट्टू से 1 दिन में 7 की मौत

**400 से ज्यादा लोग घायल, इनमें बैल मालिक और दर्शक भी**



**एजेंसी । चेन्नई**

तमिलनाडु के अलग-अलग जिलों में गुरुवार को पोंगल के मौके पर आयोजित जल्लीकट्टू त्योहार में 7 लोगों की मौत हुई। बैल को भीड़ के बीच छोड़कर दौड़ाने वाले इस खेल में एक ही दिन में करीब 400 से ज्यादा लोग घायल हुए। तमिलनाडु पुलिस ने शुक्रवार को बताया कि गुरुवार को कान्नुम पोंगल दिवस था। इस दिन जल्लीकट्टू सबसे ज्यादा खेला जाता है। 7 लोगों के अलावा पुडुक्कोट्टाई और शिवगंगा में 2 बैलों की भी मौत हुई है। जान गंवाने वाले ज्यादातर लोग खेल में भाग लेने वाली नहीं थे, बल्कि बैल के मालिक और दर्शक थे पुलिस ने बताया कि 1 शख्स की मौत शिवगंगा जिले के सिरवायल मंजुविरट्टू में मौत हो गई। वह इस खेल में भाग लिया था। वहीं, मदुरै के अलंगनल्लूर में खेल देखने आए दर्शक को सांड ने घायल कर दिया। अस्पताल में उसकी मौत हो गई। वहीं, 5 अन्य लोगों की भी अलग-अलग जिलों में जल्लीकट्टू के कारण मौत हुई। 2025 का पहला जल्लीकट्टू पुदुक्कोट्टई के गंडारवाकोट्टई तालुक के थचानकुरिची गांव में शुरू हुआ था। इसके बाद यह त्रिची, डिंडीगुल, मनाप्पराई, पुदुक्कोट्टई और शिवगंगई जैसे जिलों में भी आयोजित होने लगा। 600 से ज्यादा बैलों को इस खेल में शामिल किया गया है।



### देहरादून से हवाई सेवा के जरिये जुड़ेंगे पौड़ी और श्रीनगर

**एजेंसी । देहरादून**

उत्तराखंड हवाई संपर्क योजना (यूएसीएस) के तहत देहरादून से पर्वतीय क्षेत्र पौड़ी और श्रीनगर को हवाई सेवा से जोड़ने की तैयारी है। दोनों स्थानों के लिए सप्ताह में दो-दो दिन हेलीकॉप्टर के जरिए हवाई सेवा शुरू की जाएगी। मुख्य सचिव राधा रतूड़ी की अध्यक्षता में आयोजित उच्चाधिकारी प्राप्त समिति (एचपीसी) की बैठक में यूकाडा के इस प्रस्ताव को मंजूरी दी है। भौगोलिक रूप से चुनौतीपूर्ण उत्तराखंड राज्य में दूरस्थ क्षेत्रों तक पहुंच आसान बनाने के लिए सरकार हवाई सेवाओं का विस्तार कर रही है।

# सुप्रीम कोर्ट में आंतरिक शिकायत समिति का गठन

**न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना बने अध्यक्ष**

**एजेंसी । नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने लैंगिक संवेदनशीलता और आंतरिक शिकायत समिति का दोबारा गठन किया है। 11 सदस्यीय समिति का अध्यक्ष न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना को बनाया गया है। इसके अलावा समिति में न्यायमूर्ति नोंगमईकापम कोटिश्वर सिंह और ओएसडी सुजाता सिंह, वरिष्ठ अधिवक्ता मेनका गुरुस्वामी, लिज़ मैथ्यू और बांसुरी स्वराज शामिल हैं। अधिवक्ता नीना गुप्ता, सौम्यजीत पाणि और साक्षी बंगा भी समिति का हिस्सा हैं। इसके अलावा सुप्रीम कोर्ट बार क्लकर्स एसोसिएशन की प्रतिनिधि मधु चौहान और यूनिवर्सिटी ऑफ शिकागो सेंटर इन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड की कार्यकारी निदेशक डॉ. लेनी चौधरी भी समिति की सदस्य हैं। इनको मुख्य न्यायाधीश ने नामित किया है।



### पूजा स्थल अधिनियम की वैधता के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट पहुंची कांग्रेस

कांग्रेस की तरफ से पूजा स्थल (विशेष प्रावधान) अधिनियम 1991 की वैधता के खिलाफ दायर मामलों में हस्तक्षेप करने की मांग करते हुए सुप्रीम कोर्ट का रुख करने पर अधिवक्ता अश्विनी उपाध्याय ने कहा कि, 'जब कांग्रेस सत्ता में थी, तो वे पूजा स्थल (विशेष प्रावधान) अधिनियम 1991 लाए। अब जब वे विपक्ष में हैं, तो उन्होंने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है...कांग्रेस ने अपनी याचिका में यह भी कहा है कि यदि पूजा स्थल (विशेष प्रावधान) अधिनियम 1991 को खत्म कर दिया जाएगा, तो राष्ट्र की एकता खतरे में पड़ जाएगी...पूजा स्थल (विशेष प्रावधान) अधिनियम 1991 बाबर, हुमायूं, मुहम्मद बिन तुगलक की तरफ से किए गए अवैध कार्यों को वैध बनाने के लिए बनाया गया था।

# 'सीमा पर अपराधों को रोकने के लिए कर रहे हैं बाड़बंदी'

**बांग्लादेश को भारत की फिर दो टूक**

**एजेंसी । नई दिल्ली**

भारत और बांग्लादेश के बीच सीमा सुरक्षा को लेकर तनाव बढ़ गया है। पश्चिम बंगाल के मालदा जिले के शुकदेवपुर गांव में भारतीय सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) और बांग्लादेश की बॉर्डर गार्ड (बीजीबी) के बीच हाल ही में विवाद देखने को मिला। यह विवाद भारत द्वारा सीमा पर बाड़ लगाने के प्रयासों को लेकर हुआ है। बांग्लादेश ने आरोप लगाया है कि भारत द्विपक्षीय समझौते का उल्लंघन करते हुए भारत-बांग्लादेश सीमा पर पांच स्थानों पर बाड़ लगाने की कोशिश कर रहा है। इस मुद्दे पर एक बार फिर से विदेश मंत्रालय ने भारत का रुख स्पष्ट किया है।



### MEA का बयान : सीमा पर अपराध रोकने के लिए प्रतिबद्ध

भारतीय विदेश मंत्रालय (MEA) के प्रवक्ता रंधीर जयसवाल ने शुक्रवार को कहा, ₹हमने अपनी स्थिति स्पष्ट कर दी है। हमने बांग्लादेश के कार्यवाहक उप उच्चायुक्त को तलब किया और सीमा पर बाड़ लगाने के बारे में अपनी बात रखी। हम बांग्लादेश के साथ अपराध–मुक्त सीमा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।₹ उन्होंने आगे बताया कि तस्करी, मानव व्यापार, और अन्य अपराधों को रोकने के लिए बाड़बंदी, सीमा पर लाइटिंग, तकनीकी उपकरणों की स्थापना, और मवेशी बाड़ जैसे उपाय किए जा रहे हैं।

### सीमा पर सुरक्षा उपाय और समझौते

भारत का कहना है कि सीमा पर बाड़बंदी का उद्देश्य अपराध रोकना है और यह पहले से किए गए समझौतों के तहत किया जा रहा है। प्रवक्ता ने उम्मीद जताई कि बांग्लादेश इन समझौतों का पालन करते हुए भारत के साथ मिलकर सीमा अपराधों को रोकने के लिए काम करेगा।

### सीमा पर बढ़ते तनाव का कारण

भारत–बांग्लादेश सीमा की लंबाई 4,096 किलोमीटर है। इस पर लंबे समय से विवाद रहा है। हाल ही में भारत ने सीमा पर पांच स्थानों पर बाड़ लगाने की योजना बनाई, जिसका बांग्लादेश ने कड़ा विरोध किया। शुकदेवपुर गांव में बाड़बंदी के प्रयास को लेकर हुए इस विवाद ने दोनों देशों के बीच पहले से तनावपूर्ण संबंधों को और बिगाड़ दिया है। भारत और बांग्लादेश के बीच यह विवाद ऐसे समय में सामने आया है जब पिछले साल अगस्त में बांग्लादेश में सत्ता परिवर्तन हुआ था। पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना को हटाकर नोबेल पुरस्कार विजेता और वर्तमान कार्यवाहक सरकार के प्रमुख मुहम्मद यूनुस के नेतृत्व में नई सरकार बनी है। नए नेतृत्व के कारण द्विपक्षीय संबंधों में खटास आ गई है।

# बीजेपी ने दिलीप सैकिया को बनाया असम का नया प्रदेश अध्यक्ष

**एजेंसी । दिसपुर**



भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने असम में अपने संगठन को और मजबूत करने के लिए दरांग-उदलगुड़ी से लोकसभा सदस्य दिलीप सैकिया को अपना नया प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया है। यह नियुक्ति राज्य की आगामी राजनीतिक रणनीतियों और संगठन को नई दिशा देने की दृष्टि से महत्वपूर्ण मानी जा रही है। लोकसभा सदस्य दिलीप सैकिया शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की असम इकाई के नए अध्यक्ष निर्विरोध निर्वाचित हुए। इस चुनाव के निर्वाचन अधिकारी केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने सैकिया को आधिकारिक नियुक्ति पत्र सौंपा। इस मौके पर केंद्रीय मंत्री सर्वानंद सोनोवाल, मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा एवं निवर्तमान प्रदेश पार्टी अध्यक्ष भावेश कालिता मौजूद थे।

### इन पदों पर दे चुके हैं सेवा

सैकिया वर्तमान में भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव हैं। वह पहले आरएसएस से संबद्ध छात्र संगठन अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) में पदों पर रह चुके हैं।

# मोबाइल से ही कर सकेंगे धोकाधड़ी की शिकायत

**एजेंसी । नई दिल्ली**

दूरसंचार विभाग ने शुक्रवार को 'संचार साथी' मोबाइल ऐप पेश किया। इस ऐप के लॉन्च होने से अब करोड़ों ग्राहक अपने मोबाइल से ही साइबर फ्रॉड या फर्जी कॉल की शिकायत कर पाएंगे। दूरसंचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा, दूरसंचार विभाग का 2023 में पेश किया गया 'संचार साथी' मंच धोखाधड़ी वाली फोन कॉल के खिलाफ कार्रवाई में एक प्रभावी तंत्र साबित हुआ है। नया ऐप ग्राहकों के लिए सुरक्षित परिवेश सुनिश्चित कर इन प्रयासों को दोगुना कर देगा। केंद्रीय संचार मंत्री श्री ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया ने पूरे देश में दूरसंचार पहुंच, सुरक्षा और सशक्तिकरण को बढ़ाने के लिए एक ऐतिहासिक कदम के रूप में आज कई नागरिक-केंद्रित पहलों का शुभारंभ किया। इस कार्यक्रम के मुख्य आकर्षणों में संचार साथी मोबाइल ऐप, राष्ट्रीय ब्रॉडबैंड मिशन (एनबीएम) 2.0 का शुभारंभ और डीबीएन द्वारा वित्तपोषित 4जी मोबाइल साइटों पर इंट्रा सर्किल रोमिंग सुविधा का उद्घाटन शामिल था।



# रोजाना शराब का सेवन 19 बीमारियों के लिए खतरे का संकेत : रिपोर्ट

- अमेरिका के स्वास्थ्य और मानव सेवा विभाग ने तैयार की रिपोर्ट
- लीवर, कैंसर और चोटों के जोखिम पर जताई चिंता



- कोलन कैंसर का 16% अधिक जोखिम पाया गया
- 6% अधिक खतरा भोजन की नली में होने वाले कैंसर के लिए

**एजेंसी । वाशिंगटन**

एक नई रिपोर्ट में दावा किया गया कि शराब की थोड़ी मात्रा का सेवन सेहत के लिए हानिकारक है। दिन में सिर्फ एक बार शराब पीने से 19 स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का खतरा बढ़ता जाता है। शोधकर्ताओं के मुताबिक, अगर पुरुष और महिला रोजाना शराब का सेवन करते हैं, तो उनमें लिवर खराब होने, मुंह और भोजन की नली का कैंसर और चोटों का जोखिम रहता है। अमेरिका के स्वास्थ्य और मानव सेवा विभाग की वैज्ञानिक समीक्षा पैनल ने रिपोर्ट तैयार की है। रिपोर्ट में कहा गया कि रोजाना दो ड्रिंक का सेवन करने से महिला और पुरुष दोनों के लिए मौत का खतरा बढ़ जाता है। अध्ययन के प्रमुख डॉ. केविन शील्ड ने बताया कि जितना अधिक शराब पीते हैं, मृत्यु का जोखिम उतना ही अधिक होता है। ऐसे में सबसे सुरक्षित तरीका यह है कि शराब का सेवन कम किया जाए। रिपोर्ट में कहा गया कि शराब के सेवन से सात प्रकार के कैंसर का खतरा है। इसमें स्तन कैंसर, लीवर कैंसर, कोलन (आंत) कैंसर प्रमुख रूप से शामिल है। दरअसल, शराब एक कैंसर उत्पन्न करने वाली पेय है, जो शरीर में जाने के बाद कोशिकाओं में उत्परिवर्तन (म्यूटेशन) का कारण बनता है। इससे कैंसर उत्पन्न होने का जोखिम दोगुना बढ़ जाता है।

### दिल की सेहत पर लाभ नहीं

इससे पहले किए गए अध्ययन यह बताया गया था कि मध्यम शराब सेवन दिल की सेहत के लिए लाभकारी हो सकता है, लेकिन इस रिपोर्ट में कहा गया कि दिल की बीमारियों के लिए शराब का कोई लाभ नहीं है। जो पुरुष दिन में दो बार ड्रिंक करते हैं, उनमें शराब न पीने वालों की तुलना में हृदय रोग का जोखिम दोगुना होता है। रिपोर्ट में बताया गया कि हफ्ते में एक बार शराब पीने वालों में मधुमेह और स्ट्रोक का जोखिम कम होता है। इनके मुताबिक, शराब की थोड़ी मात्रा से रोक का जोखिम 10% तक कम हो सकता है। इसके पीछे कारण यह माना गया कि शराब रक्त को पतला करता है, जिससे रक्त के थक्के (क्लॉट्स) ब्रेन तक पहुंचने से रुकते हैं। अगर हफ्ते में एक बार शराब का सेवन किया जाए तो स्ट्रोक के खतरे को आठ फीसदी कम करने में सहायक है।

### स्वास्थ्य पर पड़ने वाला असर

- **कैंसर:** रिपोर्ट के मुताबिक, शराब की थोड़ी मात्रा से भी कैंसर का जोखिम बढ़ जाता है। इसके तहत जो पुरुष हफ्ते में सिर्फ एक बार पीते हैं, उनमें कोलन कैंसर का जोखिम 16% अधिक पाया गया। वहीं भोजन की नली में होने वाला कैंसर (एसोफैजियल) का जोखिम 6 फीसदी रहता है। शोधकर्ताओं ने बताया कि जो पुरुष या महिला दिन में तीन बार या हफ्ते में 21 बार शराब पीते हैं, उनमें एसौफैजियल कैंसर को खतरा तीन गुना से अधिक होता है।
- **लीवर सिरोसिस:** शराब की सीमित मात्रा पीने से लीवर सिरोसिस जैसी गंभीर बीमारी में बढ़ोतरी होती है। दरअसल, शराब लीवर में सूजन और जलन पैदा करती है, जिसे हेपेटाइटिस के रूप में जाना जाता है। यह एल्कोहॉलिक लिवर सिरोसिस रोग का सबसे उन्नत रूप है। इसमें स्वस्थ लीवर घाव वाले लीवर से बदलकर खराब हो जाते हैं।
- **चोट का खतरा :** शराब पीने से अनजाने में चोट लगने या जानबूझकर चोट पहुंचाने का जोखिम बढ़ता है। जो पुरुष सप्ताह में एक बार शराब पीते हैं, उनमें अनजाने में चोट लगने का खतरा चार प्रतिशत अधिक होता है। वहीं जो महिलाएं दिन में तीन बार या सप्ताह में 21 बार शराब पीती हैं, उनमें भी चोट लगने का जोखिम 117 प्रतिशत अधिक होता है।